

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 361 | ग्वालियर, 31 अक्टुबर, मंगलवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


न्यूज़ ट्रैक

## मनीष सिसोदिया की जमानत मामले में अब क्या होगा आप अगला कदम? सूत्रों ने दी अहम जानकारी



दिल्ली शराब नीति से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिलने को लेकर आम आदमी पार्टी पुनर्विचार याचिका दायर कर सकती है. आप से जुड़े सूत्रों ने सोमवार को ये जानकारी दी.कोर्ट से दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज होने पर केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने आज दिन में ही कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान है, लेकिन हम इससे सहमत नहीं हैं. ऐसे में सभी कानून विकल्प देख रहे हैं.

**आतिशी ने क्या कहा**–आप नेता आतिशी ने कहा, ''जब उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हो रही थी, सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से लगातार कठिन सवाल पूछे जैसे कि पैसे का लेन-देन कहां है. अदालत ने यह भी कहा था कि मामला एक सरकारी गवाह दिनेश अरोड़ा के बयान पर आधारित है. ' उन्होंने कहा, ''इसके बावजूद, सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिकूल फैसला दिया. हम उस आदेश का गहराई से अध्ययन करेंगे और अपने कानूनी विकल्पों का पता लगाएंगे. इसके बाद अपना अगला कदम तय करेंगे.

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा**–सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस. वी. एन. भट्टी की बेंच ने कहा कि उसने जांच एजेंसियों के बयान को रिकॉर्ड किया है. इन मामलों में सुनवाई छह से आठ महीने में पूरी हो जाएगी.

**क्या आरोप है**-केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि शराब नीति में थोक विक्रेताओं का मुनाफा पांच परसेंट से बढ़ाकर 12 फीसदी कर दिया. शराब लाइसेंस देने में अयोग्य लोगों को लाभ दिया गया. वहीं आप और सिसोदिया इस आरोप को खारिज करते हुए कहते रहे हैं कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत ये सब किया जा रहा है.

## 6 दशक बाद खत्म हुआ पद्मिनी प्रीमियर का सफर, अब मुंबई की सड़कों पर नहीं दिखेगी काली-पीली टैक्सी



बीते छह दशक से मुंबई की सड़कों की पहचान बनी पद्मिनी टैक्सी का यादगार सफर खत्म हो गया. काली-पीली टैक्सी के नाम से मशहूर ये ट्रांसपोर्ट सर्विस सोमवार से बंद हो गई. मुंबई में टैक्सी के नए मॉडल्स और ऐप-बेस्ड कैब सर्विस में भी पद्मिनी टैक्सी सड़कों पर नजर नहीं आएंगी. मुंबई में कैब के लिए एज लिमिट 20 साल है, इसलिए आधिकारिक तौर पर सोमवार से मुंबई की सड़कों पर कोई भी पद्मिनी टैक्सी नजर नहीं आएगी.तस्वीरों में आप जो टैक्सी देख रहे हैं, वह काली-पीली टैक्सी प्रीमियर पद्मिनी है. ये पिछले 60 सालों से मुंबई शहर में चल रही है, लेकिन आज इस टैक्सी का आखिरी दिन है. प्रीमियर पद्मिनी लोगों की भावनाओं से जुड़ी हुई है. जिस तरह से डबल डेकर बस और लोकल ट्रेन मुंबई शहर की शान और पहचान है, उसी तरह से काली पीली टैक्सी भी मुंबई की शान है.

**20 साल की समय सीमा के चलते हुआ मीटर डाउन**–कई बॉलीवुड फिल्मों में इस प्रीमियर पद्मिनी गाड़ी का इस्तेमाल किया गया है. हालांकि अब इस टैक्सी को अलविदा कहने का समय आ गया है, क्योंकि किसी टैक्सी को इस्तेमाल करने की 20 साल की समय सीमा होती है. इसी वजह से केवल तीन प्रीमियर पद्मिनी आज मुंबई की सड़कों पर चल रही हैं. प्रीमियर पद्मिनी की फिलहाल तीन टैक्सी मुंबई में हैं. इसमें से एक के मालिक वर्ली इलाके में रहने वाले लक्ष्मण वाल्वेकर ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस गाड़ी के लिए और 5 साल मोहलत देनी चाहिए. उन्होंने कहा कि ये पद्मिनी टैक्सी मुंबई की शान है, इसे पूरी तरह से मिटाना सही नहीं है.

### पीएम मोदी ने गुजरात को दी

# 6000 करोड़ की सौगात, कहा- इससे बढ़ेगी पूरे देश की कनेक्टिविटी

**पीएम ने की गुजराती आलू की बात**–लोगों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि उत्तरी गुजरात के आलू पूरी दुनिया में मशहूर हैं. उत्तरी गुजरात में निर्यात गुणवत्ता वाले आलू पैदा होते हैं. आलू से पैदा होने वाले उत्पाद दुनिया भर में निर्यात होते हैं. उन्होंने कहा कि डीसा को आलू की जैविक खेती के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है. बनासकांठा में आलू प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित हैं. हमारे आलू उत्पादक किसानों ने रेतीली मिट्टी से सोना पैदा करने का काम किया है.

**प्रोजेक्ट्स से बढ़ेगी पूरे देश की कनेक्टिविटी**–प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट्स को शुरू किया गया है. कुल मिलाकर 6000 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है. ये परियोजनाएं किसानों को मजबूत करेंगी. इनसे पूरे देश के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी. इन परियोजनाओं से मेहसाणा के आसपास के सभी जिलों को फायदा होगा.

**बलिदानों का प्रतीक बने गोविंद गुरुजीः पीएम मोदी**–गोविंद गुरुजी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गोविंद गुरुजी का पूरा जीवन भारत की आजादी और आदिवासी समुदाय की सेवा के लिए बीता. उनकी सेवा और राष्ट्रीयता इतनी प्रबल थी कि उन्होंने बलिदानों की परंपरा शुरू की और वे बलिदानों के प्रतीक बन गए. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हमारी सरकार ने मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया.



**बलिदानों का प्रतीक बने गोविंद गुरुजीः पीएम मोदी**–गोविंद गुरुजी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गोविंद गुरुजी का पूरा जीवन भारत की आजादी और आदिवासी समुदाय की सेवा के लिए बीता. उनकी सेवा और राष्ट्रीयता इतनी प्रबल थी कि उन्होंने बलिदानों की परंपरा शुरू की और वे बलिदानों के प्रतीक बन गए. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हमारी सरकार ने मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया.

**पीएम मोदी ने सरकार पटेल को किया याद**–पीएण मोदी ने कहा कि हमारी पीढ़ी ने दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति देखी. हमने सरदार पटेल के प्रति अपनी सर्वोच्च श्रद्धा व्यक्त की. आने वाली पीढ़ियां सरदार पटेल की प्रतिमा को देखेंगी लेकिन झुकेंगी नहीं, बल्कि उनका सिर ऊंचा रहेगा.

**पीएम मोदी ने इन दो दिनों को बताया प्रेरणादायक**–पीएण मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज 30 अक्टूबर है और कल 31 अक्टूबर है, ये दोनों दिन हमारे लिए बहुत प्रेरणादायक हैं. आजादी की लड़ाई लड़ने वाले और अंग्रेजों को कड़ी टक्कर देने वाले गोविंद गुरुजी की आज पुण्य तिथि है. और कल सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती है.

**गुजरात को दी 6000 करोड़ की सौगात**–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेहसाणा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. वह गुजरात के दो दिनों के दौरे पर पहुंचे हैं, जहां उन्होंने राज्य को 6000 करोड़ रुपये की सौगात दी है.

## राजनीतिक दलों को मिले चंदे की जानकारी पाना नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं सुप्रीम कोर्ट से बोली सरकार

**चंदे की जानकारी पाने का अधिकार नहीं**–चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूढ़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ मंगलवार, 31 अक्टूबर से सुनवाई शुरू करेगा. सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से मामले में अपनी राय देने को कहा था.अटॉर्नी जनरल ने कहा, राजनीतिक दलों को अनुदान देने के लिए बनाई गई यह व्यवस्था एक नीतिगत विषय है. सुप्रीम कोर्ट किसी कानून में तभी दखल देता है, जब वह नागरिकों के मौलिक या कानूनी अधिकारों का उल्लंघन कर रहा हो. इस मामले में ऐसा नहीं कहा जा सकता. उल्टे संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(ष) के तहत संगठन बनाना और उसे चलाना एक मौलिक अधिकार है, जिसके तहत राजनीतिक दलों को भी अधिकार हासिल है.वेंकटरमनी ने कहा है कि चुनावी हलफनामे के करिए



उम्मीदवार अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी वोटर को देता है. इसका आदेश सुप्रीम कोर्ट ने 2003 के पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टी बनाम भारत सरकार फैसले में दिया था. पर राजनीतिक चंदे की जानकारी का कोई अधिकार फिलहाल लोगों को नहीं है. अगर कोर्ट किसी अधिकार को नए सिरे से परिभाषित भी करता है, तो उसके आधार पर सीधे किसी मौजूदा कानून को निरस्त नहीं किया जा सकता.

**चुनाव आयोग और केंद्र का रुख**–इसी मामले में पहले चुनाव आयोग ने भी अपनी राय दी थी. चुनाव आयोग ने कहा था कि इलेक्टोरल बॉन्ड व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं है. इससे काले धन को ब?ावा मिलने की आशंका है. विदेशी कंपनियों से भी चंदा लेने की छूट से सरकारी नीतियों पर विदेशी कंपनियों के प्रभाव का भी अंदेशा बना रहेगा. हालांकि, सरकार ने दावा किया है कि इलेक्टोरल बॉन्ड से राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है.

### वीआईपी जिला दुर्ग में आज पीएम मोदी करेंगे बड़ी जनसभा, 6 विधानसभा उम्मीदवारों के लिए मांगेंगे वोट




बीजेपी की वरिष्ठ नेता और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रियंका गांधी पर हमला बोला है. उन्होंने जयपुर में एक कार्यक्रम में कहा, फ़कुछ दिन पहले प्रियंका गांधी ने यहां का दौरा किया था. अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने महिलाओं के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की. अगर राजस्थान सरकार की %नारी शक्ति% योजना से महिलाओं को फायदा हुआ होता तो उन्हें चिंता व्यक्त नहीं करनी पड़ती. वो उनके भाई जब भी यहां आते हैं तो राजस्थान की जनता से कुछ न कुछ वादा करते हैं लेकिन ये जरूरी नहीं कि वो अपना वादा निभाएंगे भी. 5 साल बाद भी किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ है. महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की वजह से लोग डरे हुए हैं

## बीआरएस सांसद कोठा प्रभाकर रेड्डी पर चुनाव प्रचार के दौरान चाकू से हमला



मेडक से सांसद और आगामी विधानसभा चुनाव में दुब्बाका से बीआरएस उम्मीदवार कोथा प्रभाकर रेड्डी पर सोमवार को चुनाव प्रचार के दौरान चाकू से हमला हुआ. दौलताबाद मंडल के सुरमपल्ली गांव में उनके चुनाव प्रचार अभियान के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके पेट में चाकू मार दिया. उनके समर्थकों को जैसे ही मामले का पता चला, वे फौरन उन्हें लेकर गजवेल अस्पताल ले गए. वहां से उन्हें हैदराबाद ट्रांसफर करने की तैयारी है. इस बीच भीड़ ने हमलावर को पकड़कर पहले उसकी जमकर पिटाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया. पुलिस चाकू मारने वाले शख्स की पहचान करने के प्रयास कर रही है. हाईप्रोफाइल केस को देखते हुए पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही हमले की वजह भी साफ हो जाएगी.

**हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे मंत्री टी. हरीश राव**–वहीं, हमले की सूचना मिलने के बाद बीआरएस के नेताओं ने भी रेड्डी को कॉल कर उनसे उनका हालचाल जाना. मंत्री टी हरीश राव ने सांसद से फोन करके बात की और उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली.

## यूपी से मजदूरी करने आया था कश्मीर, आतंकियों ने गोली मारी



कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों ने प्रवासी मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी. यह मामला पुलवामा के एक गांव का है, जहां यूपी के रहने वाले मुकेश कुमार को आतंकियों ने निशाना बनाया. जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने सोमवार को कहा कि पुलिस चीजों को हल्के में नहीं ले सकती और सतर्क रहना होगा क्योंकि खतरे अभी भी बने हुए हैं. दरअसल, दिलबाग सिंह रविवार को श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक पुलिस अधिकारी पर हुए हमले का जिक्र कर रहे थे. उन्होंने कहा कि हमारा एक अधिकारी कल क्रिकेट के मैदान में अन्य अधिकारियों के साथ खेल रहा था और उस पर हमला किया गया. उनका इलाज किया जा रहा है और वह ठीक हो रहे हैं. डीजीपी सिंह ने ऑपरेशन कैपेसिटी बिल्डिंग (ऑप कैप) के तहत 43 पुलिस स्टेशनों के लिए 160 अत्याधुनिक वाहनों को लॉन्च करने के बाद ये बातें कहीं.डीजीपी ने कहा कि पुलिस किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले सकती. उन्होंने कहा कि हमें सतर्क रहना होगा क्योंकि खतरा बना हुआ है. यह पूछे जाने पर कि वह किस संदेश के साथ पुलिस बल छोड़ रहे हैं, निवर्तमान डीजीपी ने कहा कि मैं बल नहीं छोड़ रहा हूं. एक पुलिसकर्मी हमेशा एक पुलिसकर्मी होता है. मैं 30 वर्षों से बल के साथ हूं और मैं बल के साथ ही बना रहूंगा. डीजीपी सिंह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और विशेष डीजी सीआईडी आरआर स्वैन उनकी जगह जम्मू-कश्मीर के डीजीपी होंगे. नए वाहनों के बारे में दिलबाग सिंह ने कहा कि आज 160 आधुनिक वाहन लॉन्च किए गए हैं और इन्हें ओपी कैप के तहत 43 पुलिस स्टेशनों में ÷पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में शून्य आतंक÷ के उद्देश्य से तैनात किया जाएगा.

# छह महीने पहले ही हुई शादी... बस 5 मिनट दूर थी जिंदगी और दो बच्चे... 14 लोगों की दर्दनाक मौत की कहानी

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में रविवार को दो पैसेंजर ट्रेनों में टक्कर हो गई. इस रेल हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 यात्री घायल हो गए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने इस हादसे पर दुख जताया है. इस बीच हादसे के बाद कुछ ऐसे दर्दनाक किस्से सामने आए हैं, जो आपकी आंखों को नम कर देंगे.दरअसल, हादसे में एक मारे जाने वालों में एक महिला थी, जिसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं. इसके अलावा मृतकों में एक बिजली कर्मचारी भी था. द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक जहां यह हादसा हुआ, वहां से बिजली कर्मी का स्टॉप महज 5 मिनट की दूरी पर था.

**नव विवाहित सेल्स एग्जीक्यूटिव की मौत**–29 साल के सेल्स एग्जीक्यूटिव चल्ला सतीश की छह महीने पहले ही शादी हुई थी. वह आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक ज्वेलरी शॉप में सेल्स एक्जीक्यूटिव थे. वह हादसे के वक्त उस विशाखापट्टनम-रायगड़ा पैसेंजर स्पेशल ट्रेन में सवार थे, जो विशाखापट्टनम-पलासा पैसेंजर से टकराई थी.

**स्टॉप से 5 मिनट की दूरी पर हादसा**–इसके अलावा हादसे में 35 साल के इलेक्ट्रिकल वर्कर कंचुबाराकी रवि की जान भी चली गई. रिपोर्ट के मुताबिक वह अलमांडा रेलवे स्टेशन



पर उतरे वाले थे, जो हादसे की जगह से महज पांच मिनट बाद आने वाला था. वह विशाखापट्टनम शॉपिंग करने गए थे.

**घर लौट रही महिला ने हादसे में गंवाई जान**–39 साल की गिदीजला लक्षी विशाखापट्टनम से श्रीकाकुलम अपने घर लौट रही थीं. वह एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने गई थीं. हालांकि, घर जाते समय ट्रेन दुर्घटना में उनकी जान चली गई. वह अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गई हैं. उनके पति का रो-रोकर बुरा हाल है.

**रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन के ड्राइवर की मौत**–मृतकों में रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन के ड्राइवर एसएमएस राव भी शामिल हैं. वह ईस्ट कोस्ट रेलवे के एक अनुभवी लोकोपायलट थे. वह 25 साल तक लोकोपायलट रहे. इसके अलावा पीड़ितों में पलासा पैसेंजर ट्रेन के गार्ड एम श्रीनिवास भी शामिल थे. रविवार (29 अक्टूबर) को देर रात विशाखापतट्टनम रेलवे अस्पताल में उनकी मौत हो गई.

**घायलों का इलाज जारी**-विजयनगरम के महाराजा सरकारी अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक अनिला सुंदरी ने कहा कि अस्पताल में लगभग 50 लोगों का इलाज किया जा रहा है. इनमें से अधिकांश की पसलियां टूटी हुई हैं. वहीं, गंभीर रूप से घायल लोगों को विशाखापतट्टनम के अस्पतालों में भेजा जा रहा है.

**मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान**–इस बीच आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने विजयनगरम सरकारी अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और राज्य के प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 2 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले अन्य राज्यों के लोगों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की.

### शिवपुरी पुलिस की अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही जारी

# 315 बोर का देशी कट्टा ,02 जिन्दा राउण्ड के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-दिनांक 30.10.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी रघुवंश सिह , श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी महोदय श्री संजय चतुर्वेदी द्वारा अवैध शराव एवं अवैध हथियारो की धरपकड की जाने वाली कार्यवाही के निर्देश दिये थे । निर्देशों के पालन में उनि कुसुम गोयल थाना प्रभारी सुभाषपुरा द्वारा लगातार मुखबिर से सपर्क रखते हुये घटना स्थल ग्राम भानगढ नाले के पास थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी से मुखबिर की सूचना पर से सतीश धाकड पुत्र कोक सिंह धाकड उम्र 28 साल निवासी ग्राम भानगढ थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा , 02 जिन्दा राउण्ड जप्त कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया थाना हाजा पर अपराध कायम किया गया। उक्त कार्यवाही मे निम्माकिंत फोर्स की अहम भूमिका रही ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल,सउनि परमाल सिंह ,कावा प्रआर 197 अभय सिंह, आर 440 राधाक्रष्ण धाकड ,आर चालक 27 सोनू गुर्जर की अहम भूमिका रही ।



# प्रेक्षक डॉ.एस.नटराजन ने करैरा और पोहरी के मतदान केंद्रों का किया भ्रमण

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी-** विधानसभा क्षेत्र 23 करेरा और 24 पोहरी के लिए डॉ.एस.नटराजन को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक डॉ.एस नटराजन ने शिवपुरी पहुंचकर विधानसभा क्षेत्र करेरा और पोहरी का भ्रमण किया। दोनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में नामांकन फार्म जमा करने की प्रक्रिया देखी। उन्होंने मतदान केंद्रों की मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी ली।प्रेक्षक डॉ.एस.नटराजन ने करेरा के मतदान केंद्र क्रमांक 231, 232, 233, आइटीबीपी हाई स्कूल संस्कृत विद्यालय करेरा का निरीक्षण किया। पेयजल विद्युत व्यवस्था सहित मतदान केदो में अन्य व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने पोहरी विधानसभा क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालय कृष्णगंज के मतदान केंद्र 132 व 134 एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोहरी के मतदान केंद्र 136 व 130 का निरीक्षण किया।

# आबकारी विभाग की 177 छापामार कार्यवाहियों में करीब 51 लाख 13 हजार की शराब और लहान जप्त

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी,** विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए शिवपुरी जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर रवीन्?द्र कुमार चौधरी द्वारा सतत कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के पालन में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्य नयन एवं विक्रय के विरूद्ध आबकारी टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि 9 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक जिला शिवपुरी में वृत्त प्रभारियों द्वारा कुल 48794 लीटर मदिरा जिसमें देशी,विदेशी,बीयर,हाथ भट्टी और लहान जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 177 छापामार कार्यवाहियों में कुल 154 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 51 लाख 13 हजार रुपये है। जिले की मदिरा दुकानों पर 129 औचक निरीक्षण करने पर पाई गई कमियों के लिये विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध कर 2 लाख 7800 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

# पुलिस अधीक्षक भिण्ड ने 27 अपराधियों पर 1 लाख 20 हजार का ईनाम घोषित किया

भिण्ड 30 अक्टूबर 2023/*
पुलिस अधीक्षक भिण्ड ने जिले में अपराधियों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था के मद्देनजर 27 अपराधियों पर 1 लाख 20 हजार के इनाम घोषित किये हैं।पुलिस अधीक्षक ने आदेश जारी कर अपराधियों को बंदी बनाने या बंदी करवाने या बंदीकरण का विरोध किये जाने पर विधि संगत आवश्यक शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधी को बंदी कराने की सही सूचना देने, बंदी करवाने पर संबंधित व्यक्ति को पुरुस्कृत किया जाएगा।थाना कोतवाली में विभिन्न धाराओं में अपराधी सूरज सिंह पुत्र रामलखन सिंह राजावत निवासी धर्मनगर, 2 अज्ञात पर 5 हजार रूपये, थाना कोतवाली में नीतेश पुत्र मुन्नालाल गुप्ता



निवासी मीरा कॉलोनी, उर्मिला पत्नी मुन्नालाल गुप्ता निवासी मीरा कॉलोनी, प्रमोद सिंह पुत्र लोकेन्द्र सिंह, दीपेश तोमर, पवन सिंह सिकरवार निवासी मौजा का पुरा धौलपुर राजस्थान, रिंकू सिकरवार, रोशनी सिकरवार निवासी मनिया धौलपुर, थाना गोहद चौराहा राघवेन्द्र सिंह उर्फ बच्चू पुत्र मानसिंह गुर्जर निवासी सीताराम की लावन, टिन्कू जाटव पुत्र नाथूराम जाटव निवासी प्रताप नरवरिया का मकान गोहद चौराहा एवं एक अज्ञात, थाना रौन अंतर्गत सुभाष उर्फ अग्गड पुत्र जगदीश राजपूत, शशिकांत पुत्र अभिलाख सिंह राजपूत निवासी रहवाली, थाना देहात अंतर्गत मोनू पुत्र स्व. श्री राजवीर सिंह राजावत निवासी रामनगर बम्बा का पुरा, शिवकांत उर्फ पप्पू पुत्र सहसराम शर्मा निवासी दबोहा, प्रदुमन पुत्र रणवीर सिंह राजावत निवासी बाराकला, गुरुवेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र ब्रम्हदेव उर्फ गुड्डू राजावत निवासी बाराकला, गोलू उर्फ लोकप्रताप सिंह पुत्र प्रदुमन सिंह राजावत निवासी बाराकला, थाना एण्डोरी अंतर्गत रिंकू जाटव पुत्र नेतराम जाटव, रामअख्तयार जाटव पुत्र नेतराम जाटव, शारदा जाटव पत्नी नेतराम जाटव निवासी भौनपुरा (वेशपुरा), अनिल सिंह तोमर पुत्र सुरेश सिंह तोमर, अमित सिंह पुत्र सुरेश सिंह तोमर निवासी छरेटा पर 5-5 हजार रूपये एवं थाना देहात अंतर्गत मनोज सिंह पुत्र टुण्डे यादव, मोनू उर्फ बृजेन्द्र पुत्र मनोज सिंह यादव निवासी रतनुपुरा पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

## भिंड जिले में विधान सभा निर्वाचन के लिए कुल 141 नामांकन पत्र जमा हुए

# जिले में अंतिम दिन 94 नामांकन पत्र जमा हुए हैं,31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संविक्षा की जाएंगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भिंड जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले की 5 विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन प्राप्ति के अंतिम दिन तक कुल 141 नामांकन फार्म जमा हुए हैं ।
जिसमें कई अभ्यर्थियों द्वारा एक से अधिक नामांकन पर जमा किए हैं पांचों विधान सभा में कुल अभ्यर्थियों की संख्या 119 है ।आज दिनांक 30 अक्टूबर सोमवार को नामांकन प्राप्ति के अंतिम दिन कुल 94 नामांकन पत्र जमा हुए ।यह नामांकन पत्र 81 अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना अनुसार विधानसभा क्रमांक- 9 अटेर में कुल अभ्यर्थियों की संख्या 41 (नामांकन पत्र 43) है। विधानसभा क्रमांक-10 भिंड में कुल अभ्यर्थियों की संख्या 29 (नामांकन पत्र 36)है ।विधानसभा क्रमांक-11 लहार में अभ्यर्थियों की कुल संख्या 15 (नामांकन पत्र 22 ) है ।विधानसभा क्रमांक- 12 मेहगांव में कुल अभ्यर्थियों की संख्या 19 (नामांकन पत्र 24 )है, और विधानसभा क्रमांक- 13 गोहद में कुल अभ्यर्थियों की संख्या 15 (नामांकन पत्र 16 जमा हुए है) है। इस प्रकार विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत नामांकन प्राप्ति के अंतिम दिन तक जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिए कुल 119 प्रत्याशी के द्वारा नामांकन जमा हुए है। 31 अक्टूबर मंगलवार को नामांकन पत्रों की संविक्षा की जावेगी और 2 नवंबर तक नाम वापस लिया जा सकता है

# अनिल कुमार अवस्थी अर्पण सेवा सम्मान अवार्ड से हुये सम्मानित





**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ पुष्पांजलि टूडे**

शंकुतला फाऊंडेशन छत्तीसगढ़ व्दारा अर्पण सेवा सम्मान अवार्ड कार्यक्रम शनिवार 28/10/2023 को वृंदावन हाल रायपुर मे आयोजित की गई। जिसमें शिक्षक अनिल कुमार अवस्थी को शिक्षा के क्षेत्र मे बालिका शिक्षा ,स्वच्छता जागरूकता अभियान, नवाचार टी.एल.एम.निर्माण , कोविड-19 के समय आनलाइन क्लास, मोहल्ला क्लास के माध्यम से अध्यापन , उत्कृष्ट कार्य एवं समाज हित मे सेवा कार्य के लिए अर्पण सेवा सम्मान अवार्ड से शाल,प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित की गई। वर्तमान में उन्हें शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत सम्मान एवं राज्य शिक्षक प्रतिभा सम्मान से भी सम्मानित की गई है

# राम कृष्ण ने बहुत समझाया, मैं भी लगातार समझा रहा हूं, नहीं समझ में आएगा तो विनाश अवश्यंभावी है

## पूरा विश्व विनाश के कगार पर है खड़ाः सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

उज्जैन (मध्य प्रदेश)इस युग के महापुरुष जो विनाश को टालने के लिए बराबर समझा रहे हैं, बचने के सरल उपाय भी बता रहे हैं, और बात न मानने पर होने वाले भारी संहार की चेतावनी भी दे रहे हैं, ऐसे पूरे समरथ सन्त सतगुरु, त्रिकालदर्शी, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 28 अक्टूबर 2023 प्रात- उज्जैन आश्रम में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि इस समय विश्व विनाश के कगार पर, बर्बादी हो जाने की तरफ खड़ा हुआ है। दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए जो बारूद इकट्ठा किया, अब वहीं बारुद उसके लिए नुकसान बन रहा है। विस्फोट होने वाले बारूद के ढेर पर कोई खड़ा हो जाए और अगर आग लग जाए तो समझो विनाश, खत्म हो गया। आदमी अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मारता चला जा रहा है। दूसरे के लिए कर रहा है कि इनका नुकसान हो, हमारा नाम हो लेकिन अब सब के ऊपर संकट आने लग गया। अब तो यहां न कम रघुवर न कम कन्हैया। कोई किसी से कम नहीं रह गया। देश के विकास, गरीबों के रोजी-रोटी में खर्च करने का पैसा अब गोला-बारूद, बंदूक की गोली बनाने पर खर्च कर रहे हैं।

**धीरे-धीरे विनाश अवश्यंभावी हो रहा-**देखो कितना समझाया, बताया जाए। जब नहीं मानेंगे फिर तो यह होना ही होना है। कृष्ण ने कौरवों को बहुत समझाया। जब नहीं माने तब महाभारत हुआ ही। कई अक्षौहिणी सेना खत्म हो गई। राम ने रावण को बहुत समझाया। जब उसके समझ में नहीं आता तब- एक लाख पूत सवा लाख नाती, ता रावण घर दिया न बाती। खत्म।




**शराब और मांस के कारण विश्व बारूद के ढेर पर है खड़ा-**उनको राक्षस क्यों कहा गया मनुष्य जैसा काम, व्यवहार नहीं करते थे इसलिए वो राक्षस कहलाए। वो थे तो मनुष्य, आदमी लेकिन उनका खान-पान खराब था। मुर्गा, भैंसा, बकरा सब खा जाते थे। सीधे-सीधे निकल जाते थे, पकाते भी नहीं थे, खा जाते थे। दारु, शराब जो बुद्धि को खराब करता है, उसको पीते थे और जब होश में नहीं रह जाते थे तो अपने-पराए की, मां बहन बेटी की पहचान खत्म हो जाती थी। तो फिर वह भगवान के बनाये नियम के खिलाफ काम करते थे। इसलिए राक्षस कहलाये। उनके समझ में कहां से आएगा। कहावत है- भैंस के आगे बीन बजाय, भैंस खड़ी पगुराए। भैंस को कोई पता रहता है कि बीन बज रही है या ढोलक। अगर अब (समझाने का) असर नहीं पड़ेगा तो विनाश अवश्यंभावी हो जाएगा, विनाश हो ही जाएगा।

**बहुत से देशों में युद्ध की अंदर ही अंदर तैयारी चल रही है-**जहां युद्ध चल रहा है और कहां-कहां सब आपस में लड़ रहे हैं। कुछ जगह अंदर ही अंदर तैयारीयां चल रही हैं कि हम उनकी मदद करेंगे, हम इनकी तरफ से लड़ेंगे, यह हमारे गुट के हैं, हमारा नाम हो जाएगा। इस तरह का सब चल रहा है। जहां लड़ाइयां हो गई हैं, दूसरे लोग मदद कर भी रहे हैं। देखो हम और आप आमने-सामने बैठे हैं। बीच में अगर बहुत गहरी नाली, खंदक खोद दी जाए तब आप कहो कि हमको कोई चीज दे दो तो कैसे दे पाओगे? देख रहे हैं एक-दूसरे को, देखते हैं लेकिन मुलाकात नहीं हो सकती। तकलीफ में हो, गिर गए हो, चोट लग गई, परेशानी हो गई लेकिन मदद नहीं हो सकती, ऐसी स्थिति आ जाती है। ऐसे स्थिति न आवे इसके लिए प्रभु से प्रार्थना करना है। इस समय पर जो महसूस कर रहे हो, जितना भी महसूस कर रहे हो, यह समझो कि अच्छा ही समय है। अच्छे समय में अच्छी बातों को सोचो, लोगों को अच्छी बातों को बताओ, उस प्रभु अच्छे को प्राप्त करो इसलिए प्रेमियों यह मनुष्य शरीर मिला है। लाभ और मान क्यों चाहे, पड़ेगा फिर तुझे देना। यह देना पड़ता है। लाभ और मान-सम्मान दोनों चीजें देनी पड़ती हैं।

# सहजयोग धर्म, सत्य व आनंद का मार्ग प्रशस्त करता है



सहजयोग एक ऐसी सुंदर ध्यान पद्धति है। जो हमें हमारे सनातन, प्राचीन महान भारतीय संस्कृति से पुन- एकबार परिचित कराती है। आज हम देख रहे हैं कि कलियुग अपनी चरम सीमा पर है। जीवन के सभी क्षेत्रों में असंतुलन, निराशा, वैमनस्य फैला हुआ है। सभी लोगों के मन में चित्त में भ्रांति फैली हुई है, सर्वत्र अंधकार छाया हुआ है। इस संपूर्ण नकारात्मकताओं के बीच सहज- योग एक प्रखर चाँदनी की तरह, ध्रुव तारे के समान, समाज में पुन- एक बार फिर धर्म की, सत्य की, आनंद और प्रसन्नता की नींव का रोपण कर रहा है। प. पू. श्रीमाताजी कहते हैं, सहजयोग में जो सूक्ष्म ज्ञान हम आपको दे रहे हैं यह ज्ञान हमारी भारतीय संस्कृति की नींव रही है। प.पू. श्रीमाताजी कहते हैं कि ये सनातन ज्ञान केवल ऋषियों, मुनियों या मनीषियों को ही प्राप्त नहीं हुआ बल्कि आधुनिक विज्ञान के शास्त्रज्ञ आईनस्टाइन ने भी इस ज्ञान के बारे में बताया था। वे कहते थे कि जो भी शुद्ध ज्ञान आपको प्राप्त होता है वह ज्ञान आपको आपके टॉर्शन एरिया (सहस्त्रार) से प्राप्त होता है वह ज्ञान प्राप्त करने के लिये आपको मन और बुद्धि से परे जाना पड़ेगा । हमारे रोजमर्रा के जीवन में हम जो भी काम करते हैं, वह हम हमारी बुद्धि से करते हैं, हमारी सीमित बुद्धि उस असीमित शक्ति का आंकलन नहीं कर सकती। प.पू.श्री माताजी कहते हैं, अगर आपको अपनी बुद्धि से परे जाने की कला सीखनी है, तो हमें हमारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करना होगा। हमें हमारे टॉर्शन एरिया यानि कि सहस्त्रार चक्र को नियमित ध्यान से पोषित, पल्लवित करना होगा, तभी हम हमारी सनातन संस्कृति में वर्णित इस शुद्ध ज्ञान को जान पायेंगे। इस ज्ञान को पूर्व काल में एक सदगुरु केवल एक शिष्य को ही दे सकते थे। आधुनिक काल में मातृशक्ति प्रस्फुटित हुई और आज हज़ारों लोगों को एक साथ यह आत्मानंद देने वाला आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होने लगा। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# खरगोन जिले के भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टांडा बरूड़ के 50 से अधिक युवा कार्यकर्ता भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

**खरगोन जिलेसेमुन्नाखान**
**पुष्पांजलि टुडे**

भगवानपुरा ब्लाक के ग्राम टांडा बरूड़ के 50 से अधिक भाजपा के युवा कार्यकर्ता आज कांग्रेस पार्टी की रिति नीति को देखते हुए भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केदार डावर वह सेंकड़ों ग्रामीणों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में कांग्रेस में हुये शामिल डावर द्रारा माला पहनाकर कर कांग्रेस पार्टी का गमचा डाल कर जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर बिस्टान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राधा किशन गुप्ता ब्लाक कांग्रेस कमेटी मिडिया प्रभारी पंकज सिंह ठाकुर व सेंकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में टांडा बरूड़ के युवा कार्यकर्ताओं की टोली बढ़े उत्साह के साथ भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केदार डावर के आफीस पर खरगोन पहुंचे बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे इसी प्रकार दुर्गा कालोनी के जितेन्द्र रावत के साथ सेंकड़ों युवा ग्रुप बनाकर खरगोन पहुंचे भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशि केदार डावर से मुलाकात की भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केदार डावर से मुलाकात कर भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए डावर द्रारा कार्यकर्ताओ का स्वागत करते हुए आने वाली 17 नवंबर को मतदान करने को लेकर चर्चा की टांडा बरूड़ के पान उत्पादक व्यासाय प्रकोष्ठ के ग्रामीण प्रकोष्ठ अध्यक्ष नंदराम कुमरावत उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमरावत युवा साथी बंटी कुमरावत ओर


उनके साथी युवा कांग्रेस में सामिल हुऐ भाजपा छोड़कवर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी का कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी केदार डावर द्रारा उनका जोरदार स्वागत किया गया

कहते हैं कोन किसी को रोकता है सभी लोग स्वंतत्रत है इसी को लेकर कांग्रेस पार्टी की रिति नीति को देखते हुए टांडा बरूड़ के जांबाज युवा साथी 50 अधिक कार्यकर्ता बढे उत्साह के साथ भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केदार डावर के खरगोन आफीस कार्यलय पर पहुंच कर उनकी उपस्थिति में भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए डावर द्रारा जोरदार स्वागत किया गया युवा साथियों का फुलो से कांग्रेस पार्टी का गमचा गले में डाल कर सम्मान किया गया पान उत्पादक व्यासाय प्रकोष्ठ ग्रामीण अध्यक्ष नंदराम कुमरावत उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमरावत हुकुम कुमरावत माधेव कुमरावत लक्ष्मी नारायण कुमरावत धर्मेन्द्र कुमरावत श्रीराम कुमरावत जगदीश कुमरावत रितेश कुमरावत ललित कुमरावत ब्रदी कुमरावत रोहित कुमरावत कहैया कुमरावत निगम राजकुमार बंटी कुमरावत लोकेश कुमरावत हरिओम कुमरावत दुर्गा कालोनी से छितर रोकड़े शिवम रोकड़े संतोष रोकड़े जगदीश दवाने चंचल कुमरावत दिनेश कुमरावत विक्की कुमरावत प्रविण कुमरावत हरिओम कुमरावत बादल मंडलोई नगीन भावसार नंदकिशोर कुमरावत कमलेश वर्मा भय्यु गोरव कुमरावत देवानंद कुमरावत लक्ष्मन कुमरावत कहैया कुमरावत राऊल राठौड़ जगदीश कुमरावत कमल हुकुम चंद कुमरावत राधेश्याम बाल मुकुंद कुमरावत आदि और आदि कांग्रेस पार्टी की रिति नीति को देखते हुए भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

## दीपदान महादान,सार्थक दिवाली अभियान,घर-घर उजाला घर-घर रोशनी





**सीहोर।** दामिनी की आवाज सामाजिक संस्था विगत कई वर्षो से बालिकाओं की रक्षा सुरक्षा एवं उनके मानसिक विकास के एवं उनके उत्थान के लिए कार्यरत है प्रतेक वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था द्वारा सार्थक दिवाली अभियान चलाया गया।घर-घर उजाला घर-घर रोशनी इस तत्वाधान में संस्था द्वारा 500,बालिकाओं को दीपदान किया गया और श्रीमती पारुल शर्मा द्वारा चुनरी का वितरण किया गया। कार्यक्रम मैं विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमान अग्रेंद्र सिंह, फेमिली कोर्ट भोपाल एंव महिला एंव बाल विकास कि चाइल्ड काउन्सलर सिंधु धौलपुरे,पूर्वा शर्मा दूरदर्शन एंकर, एंव पीपल्स थियेटर ग्रुप के कलाकार मोहित सोनी उपस्थित रहें।
दीपदान के साथ-साथ संस्था द्वारा बालिकाओं को मार्शल आर्ट ट्रेनर सोनम सेन द्वारा अपनी आत्मरक्षा एवं सुरक्षा का भी प्रशिक्षण दिया गया और उनके साथ शारदा विद्या मंदिर स्कूल सीहोर के छात्र कृष्ण सूर्या ने कबेलू और नाचकु से मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सोनम सेन द्वारा बच्चों को गुड टच वेड टच में फर्क समझानें के साथ ही बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास से संबंधित जानकारी भी बस्ती के बच्चों के माता-पिता को दी गई द्य सोनम सेन और स्कूली छात्र को सर्टिफिकेट देके समनित परदेश अध्यक्ष अनिता आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से संस्था की संस्थापक श्रीमती अनीता आर्य एवं उनकी भोपाल जिले की टीम का पूरा सहयोग रहा जिसमें शामिल प्रदेश सचिव किशोर वाईकर , जिला उपाध्यक्ष जया जरखरया ,एवं रागिनी पाटिल शामिल थे।
कार्यक्रम 60 क्वार्टर ब्क-सेक्टर पिपलानी की झुग्गियों में दिनांक 27 अक्टूबर 23 को दोपहर 3ः00 से शाम 7ः00 बजें तक किया गया। कार्यक्रम के अन्त में दामिनी कि आवाज़ सामाजिक संस्था कि अध्यक्ष अनीता आर्य ने बच्चियों और महिलाओं कि सुरक्षा को लेकर चलाएं जा रहें जागरूक अभियानों के साथ ही संस्था के अन्य कार्यो पर प्रकाश डालते हुए, समय-समय पर आयोजित मार्शल आर्ट ट्रेनिंग कि जानकारी दी गई।

## उनके पास जितना पैसा नहीं जितना हमारे पास पसीना है बहाने के लिए- शशांक सक्सेना

### कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में निकली विशाल नामांकन रैली, हजारों युवा हुए शामिल

**सीहोर।** सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना के पक्ष में विशाल नामांकन रैली नगर में निकली। रैली में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और सक्सेना समर्थक मौजूद रहे। नामांकन रैली का प्रारंभ कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना की अगुवाई में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर से हुआ। दो पहिया वाहन पर हजारों युवा अहमदपुर से होते हुए दोराहा, श्यामपुर, मंडी क्षेत्र से होते हुए लुनिया चौराहा पहुंचे। जहां पर बडी संख्या में कांग्रेसी एकत्रित हुए। पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना, जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर अध्यक्ष डा बलवीर तोमर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रूकमणि रोहिला सहित वरिष्ठ कांग्रेसी के नेतृत्व में पैदल रैली लुनिया चौराहा से होते हुए पुराना बस स्टैण्ड, कोतवाली चौराहा, मुख्य बाजार से होते हुए तहसील चौराहा पहुंची। जहां रैली का समापन रैली। नामांकन रैली का नगर में अनेकों स्थानों पर स्वागत हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना को फूल मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। आमजन और व्यापारियों ने रैली में शामिल लोगों पर फूल बरसाए। रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने कहा कि युवा साथी ध्यान रखे उनके पास जितना पैसा नहीं जितना हमारे पास पसीना है बहाने के लिए। युवा जोश में होश न भूले और किसी से डरना नहीं है और डराना भी नहीं है। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में आगे बडना है। पूर्व विधायक रमेश सक्सेना ने कहा कि भाजपा के मंत्री सीहोर आए थे और उन्होंने कहा कि सिर्फ भाजपा में ही भारत माता की जय के नारे लगते हैं मैं बता देना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी वह पार्टी हैं जिसमें भारत माता की जय और



वंदे मातरम कह कर लाखों लोगों ने बलिदान दिया है। भारतीय जनता पार्टी के एक भी व्यक्ति ने आजादी के आंदोलन में भाग नहीं लिया। कहा कि कमलनाथ ने 15 महिने की सरकार में वचन निभाए। कांग्रेस पार्टी गरीब, किसान, मजदूर, आमजन, व्यापारियों की पार्टी है। आज भाजपा सरकार से व्यापारी भी त्रस्त है। कहा कि दोस्तों आज मुझे यह लग रहा है कि जब 1993 में जब मैंने चुनाव लडा था निर्दलीय रूप से सीहोर की जनता ने मुझे आर्शीवाद दिया था आज वहीं मंजर मेरे सामने और राम-रहिम की सेना मेरे सामने लडी है। आज फिर राम-रहिम की सेना एक साथ है जो जीत का डंडा बजा देंगे। कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 60 परसेंट लोग हमें वोट देने जा रहे हैं। इसलिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हाथ जोडकर हमें काम करना है। उन्हें अपना विरोधी न समझना। क्योकि जिस प्रत्याशी को भाजपा ने टिकिट दिया है वह अकेला और उसका परिवार मिलकर चुनाव लड रहे हैं। न भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उसके साथ है न जनता उसके साथ है।



## पावरलिफ्टिंग कि एशियाई चैंपियनशिप में भिंड जिले के मालनपुर लेहचूरा पंचायत निवासी सत्येंद्र ने जीता गोल्ड मेडल



**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर/ दुबई में हुई पावर लिफ्टिंग एशिया चैंपियनशिप में भिंड जिले के ग्राम पंचायत लहचूरा निवासी पहलवान सत्येंद्र सिंह बघेल ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है सत्येंद्र ने 320 किलोग्राम भार वर्ग 70 कैटेगरी में यह मुकाबले जीते भिंड जिले के लेहचुरा गांव में जन्मे सत्येंद्र उर्फ सत्तू ने अपनी कड़ी मेहनत एवं परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है दुबई में हुई पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत के अलावा पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सहित अन्य राज्य के खिलाड़ियों ने शामिल हुए इस मुकाबले में भारत कि और से 10 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमें भिंड जिले के लेहचुरा गांव के सत्येंद्र सिंह बघेल भी शामिल हैं सत्येंद्र ने अपने खेल के दम पर दुबई में खूब तारीफ बटोरी है

### सबका साथ सबका विकास ही मोदी का मिशन::चौधरी

## चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

**पुष्पाजंली टुडे**

मुम्बई। नालासोपारा श्री आईमाताजी मन्दिर (वडेर) प्रांगण मे मारवाडी प्रवासी छत्तीसकोम की तरफ से मारवाड जंक्शन विधानसभा क्रमांक 119 के पुर्व विधायक केसाराम (काकु) का भव्य स्वागत हुआ और साथ मे पधारे धनश्याम चौधरी, वोराराम चौधरी, के साथ ठाणे वागले विभाग के शिवसेना के उपशाखा प्रमुख खेताराम चौधरी तथा वसई तालुका के भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष राजन नाईक (अप्पा) और भाजपा के उपाध्यक्ष मनोज बारोट, अखिल भारतीय सीरवी महासभा के महाराष्ट्र प्रान्त के अध्यक्ष दिनेश गहलोत, सीरवी समाज ठाणे वडेर के अध्यक्ष सुरेश वरपा, सीरवी समाज वसई वडेर के अध्यक्ष कालुराम सेंणचा तथा व्यापारी मंडल प्रभारी जयेश भाई माली,



नालासोपारा सीरवी समाज अध्यक्ष सोहनलाल देवाराम वरपा सहित इन समस्त अथितियों का आज बहुत ही शानदार तरीके से स्वागत-सत्कार किया। तथा इन सभी महानुभावो द्वारा प्रवासी बंधुओ के समक्ष विचार-विमर्श व अपना भाव प्रकट करते हुए सभी का धन्यवाद आभार प्रकट किया। इन समस्त महानुभावो का भी नालासोपारा सीरवी समाज सहित सीरवी नवयुवक मंडल एंव महिला मंडल की तरफ से हार्दिक सादर वंदन अभिनंदन और धन्यवाद साधुवाद सहित स्नेह आभार व्यक्त करते हुए आज के इस प्रोग्राम को सफल रुप से सम्पन्न किया। पुनः सभी महमानों तथा मारवाडी प्रवासी छत्तीसकोम का धन्यवाद साधुवाद स्नेह आभार व्यक्त किया। ये जानकारी मिडिया प्रभारी मोतिलाल परमार ने दी ।

### अंतिम दिन 48 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए नाम निर्देशन पत्र

**सीहोर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। नाम निर्देशन पत्र के अंतिम दिन 30 अक्टूबर 2023 को 48 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए है। बुधनी विधानसभा से 11, आष्टा से 16, इछावर से 16 तथा सीहोर विधानसभा से 05 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए है। जिले की चारो विधानसभा से अब तक कुल 76 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए है। इसमें बुधनी विधानसभा से 18, आष्टा से 25, इछावर से 23 तथा सीहोर विधानसभा से 10 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए है। नाम निर्देशन पत्रों की 31 अक्टूबर को संवीक्षा की जाएगी और 2 नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके पश्चात पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना 3 दिसंबर को होगी।**

जिले की चारो विधानसभा से अब तक कुल 76 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

## गुणवानों की गुणानुवाद करने से हमारे में गुण प्रकट होता है:मुनि राजपद्मसागरजी म.सा



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू** ।श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ श्रीरामपूरम् एल. एन. पूरम बेंगलोर में आसोज मास की नपपदजी की आराधना का समापन हुआ। मुनि राजपद्मसागरजी म.सा ने श्रावक एवं श्राविकाओं को प्रवचन के दौरान समझाया कि गुणवान एसे महापुरुषों की भक्ति करने से हमारे अवगुण टल जाते है, धनवान व्यक्ति के पास हम धन की अपेक्षा रख सकते है, और जो निर्धन है उसके पास धन की अपेक्षा रखना बबुल का बीज बोना और आम की अपेक्षा रखने जैसा है। मुनि श्रमणपद्मसागरजी म.सा ने बताया जो व्यक्ति प्रमाद में पड़ा वह परमात्मा तक नहीं पहुंचता और नपपदजी ओलीजी के तपस्वीयों का अभिनंदन किया गया। लाभार्थी परिवार सुरेश कुमार विनोद कुमार जी भंडारी का का बहुमान श्री संघ के द्वारा किया।

## स्व.नरेश पंवार की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर पोस्टर का विमोचन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बिलाड़ा ।** सीरवी नवयुवक मंडल परगना समिति बिलाड़ा के तत्वावधान में संचालित सीरवी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य समिति द्वारा स्थानीय सीरवी समाज बगेची में आगामी माह में 8 नवम्बर 2023, बुधवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अशोक परिहार ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष स्व. नरेश पँवार की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, रक्तदान शिविर में लगभग 300 से अधिक रक्तवीर भाग लेंगे, रक्तदान शिविर मे पँवार परिवार , उचियाड़ा का विशेष सहयोग रहेगा, संगठन सचिव जगदीश बर्फा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सर्वसमाज के जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य समाज सेवी बन्धु ओर विभिन्न समाज सेवी संगठन के पदाधिकारी भी भाग लेंगे, रक्तदान शिविर में उम्मेद हॉस्पिटल,पारस ब्लड बैंक , एम.डी .एम.ब्लड बैंक जोधपुर रक्त संग्रहण हेतु आमंत्रित की गई, नगरपालिका अध्यक्ष रूपसिंह परिहार ने सर्वसमाज के लोगो से मानव हितार्थ रक्तदान शिविर को सफल



बनाने की अपील की। इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रांतीय महासभा अध्यक्ष धन्नाराम लालावत, बिलाड़ा परगना कोटवाल प्रेमसिंह हाम्बड़,पंच भोलाराम हाम्बड़, बिलाड़ा डेयरी अध्यक्ष धन्नाराम हाम्बड़, संरक्षक हनुमाराम हाम्बड़ , पूर्व जिला खेल अधिकारी अग्राराम चौधरी, बिलाड़ा परगना पूर्व अध्यक्ष नंदाराम मुलेवा एव पूर्व अध्यक्ष पँवार के परिवारजन गोपाराम पँवार, धर्माराम पँवार, माधुसिंह पँवार, जोधाराम पँवार, राजेन्द्र पँवार, नवयुवक मंडल संरक्षक सदस्य तुलछाराम परिहार, कृषिमंडी व्यापार संघ अध्यक्ष तरुण मुलेवा, शिक्षाविद भींयाराम बर्फा, किसान नेता शैतान सिंह राठौड़, चुतराराम परिहार, सीरवी शिक्षा समिति सचिव मोहनलाल राठौड़, चंद्रसिंह राठौड़, धन्नाराम राठौड़, गोविंद पँवार, माधवसिंह राठौड़, माधुसिंह लालावत, गोपाल सिंह राठौड़, वीरेंद्र राठौड़, तुलछाराम काग,शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र काग, चैनाराम पालावत, वीरेंद्र भिंवराज, शंकरलाल बर्फा, चिमनाराम बर्फा, चिमनसिंह पँवार, एडवोकेट सी.आर. चौधरी, प्रमोद राठौड़, कानाराम सीरवी, शेषाराम राठौड़, जितेंद्र राठौड़ सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

## संपादकीय

# हमेशा ही हमारे आदर्श रहेंगे श्रीराम

क्या त्रेतायुग में भगवान राम का अवतरण केवल रावण और राक्षसों के वध के लिए ही हुआ था? इस प्रश्न का उत्तर कई लोग हां में दे सकते हैं पर इस सवाल का सही उत्तर यही है कि भगवान राम के अवतरण के अनेक कारणों से एक कारण यह भी था। राम अवतार की अनेक कथाएं हमें पढने को मिलती हैं, जैसे मनु और शतरुपा को दिए गए वरदान के फलस्वरूप वे अवतरित हुए, नारद द्वारा स्त्री वियोग के शाप के कारण उन्हें अवतार लेना पड़ा। देवी–देवताओं तथा पृथ्वी की प्रार्थना के फलस्वरूप वे जन्में। महाकवि गोस्वामी तुलसीदास ने भी इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कहा है–राम जन्म कर हेतु अनेका। राम के अवतार की अनेक कथाएं तो मिलती ही हैं, उनका जीवन भी विभिन्न दृष्टियों से देखा गया। एशिया में राम की अनेक कथाएं प्रचलित हैं। भारत की हर भाषा में राम की कथा किसी न किसी रूप में मौजूद है। काव्यों में ही नहीं लोककथाओं में भी राम का जीवन वर्णित किया गया है। गोस्वामी तुलसीदास भी संभवतरू इसी तथ्य से परिचित थे, इसलिए उन्होंने लिखा– रामायण सत कोटि अपारा। राम की कितनी ही कथाएं, लोक गाथाएं प्रचलित हों या लुप्त हों, राम पर कितने ही काव्य, महाकाव्य एवं ग्रंथ लिखे गए हों, इनमें राम के जीवन के किसी भी पहलू पर प्रकाश डाला गया हो, पर एक बात सभी कथाओं और काव्यों में समान है, और वह यह कि उनके जीवन का हर पक्ष आदर्श था। उन्होंने ये आदर्श एक साधारण मानव के रूप में, पुत्र के रूप में, एक भाई के रूप में, युवराज के रूप में, राजा के रूप में, धर्मरक्षक के रूप में तो निभाए ही, वे एक आदर्श एवं नीति पालक शत्रु के रूप में भी वे लोक मानस में स्थापित हैं। राम का धर्मरक्षक स्वरूप तो सर्वत्र दृष्टिगोचर होता है। ताड़का, खरदूषण से लेकर रावण तक का वध उन्होंने धर्म रक्षा के लिए ही किया। इस धर्मरक्षा के प्रति उनका आदर्श यही था कि सबको अपना–अपना धर्म एवं सिद्धांत मानने का अधिकार है। किसी को वह धर्म अपनाने के लिए विवश नहीं किया जा सकता, जिसे वह मानने के लिए स्वेच्छा से तैयार नहीं हो। दूसरे धर्म के मानने वालों की धार्मिक मान्यताओं में व्यवधान डालने का भी किसी को कोई अधिकार नहीं है। रावण वध तो भगवती सीता के अपहरण के अपराध के कारण हुआ था, पर उससे कई वर्षों पूर्व गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पर भगवान राम ने ताड़का वध क्यों किया था तथा पृथ्वी को निशाचर विहीन करने की प्रतिज्ञा क्यों की थी? सिर्फ इसीलिए कि राक्षस, ऋषि मुनियों के यज्ञों का विध्वंस करते थे तथा प्रतिकार करने वाले ऋषि मुनियों का वध कर देते थे। एक आदर्श पुत्र के रूप में राम के बारे में सभी जानते हैं कि खाने–खेलने के दिनों में वे पिता की आज्ञा से विश्वामित्र के साथ राक्षसों के विनाश के लिए वन चले गये थे। दूसरी बार भी राजतिलक के ऐन मौके पर पिता की आज्ञा से वन गमन किया। चौदह वर्ष का वनवास उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। वनवास में भी वे धर्म–संरक्षक के रूप में कार्यरत रहे। रावण द्वारा सीता का अपहरण करने के बाद भी वे एक नीतिपालक शत्रु होने का परिचय देते हैं। वानरों और रीछों की भारी सेना होने के बाद भी वे लंका पर एकाएक आक्रमण नहीं करते हैं, बल्कि रावण को समझाने के लिए अंगद को भेजते हैं। इस सबके बीच वे एक आदर्श मानव का परिचय देते हुए सामाजिक समरसता का भी संदेश देते हैं। शबरी के जूठे बेर खाना, भील–निषादों के प्रति सहृदयता दिखाना तथा वानरों को अपना मित्र बनाने एवं उन्हें बंधु के समान मानना भी एक आदर्श मनुष्य के गुण हो सकते हैं। नीतिपालक शत्रु के रूप में उन्होंने जहां मेघनाद की पत्नी सती सुलोचना को आदर दिया, वहीं उन्होंने अपने भाई लक्ष्मण को रावण से राजनीति की शिक्षा लेने का परामर्श दिया। साधारण पुरुष के रूप में उन्होंने परनारी सम्मान का भी संदेश दिया। राजा के रूप में तो राम का चरित्र अतुलनीय है। उनका राज्यकाल रामराज्य के रूप में प्रसिद्ध हुआ, जिसमें सर्वत्र सुख और शांति थी, जनता को कोई पीड़ा दुरूख या शोक नहीं था। राम ने एक राजा के रूप में इस आदर्श का भी परिचय दिया कि वे साम्राज्यवादी नहीं प्रजापालक थे। बालि के वध के बाद सुग्रीव को राज्य सौंपना तथा रावण के वध के बाद विभीषण को लंका सौंप देना, इसका प्रमाण है कि अपना साम्राज्य बढ़ाने की उनकी कोई लालसा नहीं थी, बल्कि वे अपनी प्रजा के तथा प्राणियों के कल्याण की ही भावना रखते थे। एक राजा के रूप में उनका यह आदर्श था कि एक साधारण व्यक्ति के कथन को महत्व देते हुए उन्होंने अपनी धर्मपत्नी सीता को वनवास दे दिया था फिर भी वे एक पत्नीव्रती ही बने रहे। वस्तुतरू राम का जीवन इतना व्यापक प्रेरणादायी है कि उनके जीवन का हर अंश कहीं न कहीं आदर्श उपस्थति कर देता है। आदर्श पुत्र, भाई, शासक और धर्मरक्षक के अलावा वे समाज में समरसता के संवाहक, शरणागत वत्सल, करुणा के सागर, श्रेष्ठ मित्र, दृढ़ संकल्पी के रूप में भी प्रेरणा देते हैं। ऐसा नहीं है कि भारतीय जनमानस राम के आदर्श स्वरूप से परिचित नहीं है। भारतीय जनमानस में राम कितने रचे बसे, हैं, इसके लिए उदाहरण देने की आवश्यकता नहीं है। हम जब कष्ट में होते हैं तो राम कहकर ही भगवान का स्मरण करते हैं। दो लोग जब मिलते हैं तो राम–राम ही कहा जाता है। राम के लोकमानस के रचे बसे होने का सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि मनुष्य की अंतिम यात्रा में भी राम नाम सत्य के रूप में राम का और उनके नाम का ही स्मरण किया जाता है। राम के अवतरण के बाद सदियां बीत गयीं, पर उनकी कथा और उनके आदर्शों से हम आज भी परिचित हैं। भले ही हम आदर्शों और सिद्धांतों पर चल नहीं रहे हों, पर हर एक क्षण में आशा की यह क्षीण किरण रहती ही है कि कभी न कभी राम के यह आदर्श इस धरती पर अवश्य ही अवतरित होंगे। आशा की यही क्षीण किरण आज भी भारतीय संस्कृति के लिए आदर्श बनी हुई है।

# इण्डिया गठबंधन पर स्वार्थ हावी

**प्रेम शर्मा**

*सपा नेता अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता अजय राय के बीच वादविवाद ने गठबंधनर में स्वार्थ का संकेत दे दिया है। अगले महीने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद विपक्षी एकता की कवायद के परवान चढ़ने की उम्मीद जताई जा रही थी।*

भारत के राजैनतिक दलों में निजी स्वार्थ की पराकष्ठा पार हो चुकी है। इसी का परिणाम है कि भारत के राजनैतिक दल जनता के बारे मे कम और अपने बारे में ज्यादा सोचते और करते है। यही एक कारण है कि लम्बे अरसे से सत्ता से दूर रहने वाले दल सत्ता पाने की आतुरता में मुद्दे विहीन राजनीति के साथ ऐसे दलों के साथ गठबंधन को तैयार हो जाते है जिनके विचारों एवं कार्या में जमीन आसमान का अन्तर होता है। लोकसभा 2024 से एक वर्ष पूर्व इण्डिया गठबंधन का यही हाल है। इस नए गठबंधन को पहली बैठक इसी वर्ष जून में हुई थी। इस गठबंधन में कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, आप, जनता दल युनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, जेएमएम, एनसीपी, शिवसेना (यूटीबी),समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल (कमेरावाडी),जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉफ्रेंस, पीडीपी, मकापा मार्क्सवादी, सीपीआई, एमएमके, इण्डियन मुस्लिम लीग, केरल कॉग्रेस एम, केराल कांग्रेस जोसेफ, आरएसपी, आल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक, एमडीएमके, विदुथलाई चिरूथिगल काची, केएमडीके और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लिबरेशन जैसे दल शामिल थे। निश्चित तौर पर इन सभी दलों के काम करने का तरीका अलग है। इन दलों की मूल मंशा भी लगभग एक दूसरे के विपरीत है। इन सभी दलों के प्रमुख नेताओं की पदलोलुपता और निजी स्वार्थ अलग अलग है। ऐसे में इस गठन पर स्वार्थ भारी पड़ रहा है। इस गठबंधन शामिल सपा का कांग्रेस पर हालिया हमला कांर्ग्रेस को धोखेबाज' और एक प्रदेश अध्यक्ष को चिरकुट कहना इस बॉत का संक्रेत हैं कि गठबंधन में स्वार्थ हो चुका है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और सपा की तल्खी से भाजपा विरोधी विपक्षी गठबंधन के भविष्य पर क्या असर पड़ेगा? क्या लोकसभा चुनाव तक इंडिया गठबंधन एकजुट रह पाएगा? जैसा कि गठबंधन के गठन के समय लगता था कि ये दल बहुत गर्मजोशी से एकसाथ आ जाएंगे तो जमीन पर ऐसा नहीं दिख रहा है। जिनकी अपनी सीटों पर क्षेत्रीय ताकत है, उसे वो कैसे जाने दे सकते है ? आगे क्या होगा, यह देखना होगा, लेकिन अभी तो यह परेशानी की शुरुआत दिखाई दे रही है। सपा नेता अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता अजय राय के बीच वादविवाद ने गठबंधनर में स्वार्थ का संकेत दे दिया है। अगले महीने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद विपक्षी एकता की कवायद के परवान चढ़ने की उम्मीद जताई जा रही थी। तब किसी ने यह नहीं सोचा होगा कि इन्हीं विधानसभाओं के चुनाव में विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. के बिखराव का बीजारोपण भी हो जाएगा। समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच मची खींचतान से अब यह बात स्पष्ट होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन बेमेल ब्याह की तरह है। अबी तो लोकसभा चुनाव में पांच–छह महीने की देर है। इसके पहले एन यानी नीतीश और ए यानी अरविंद–अखिलेश अलग होते दिख रहे हैं। लोकसभा चुनाव गठबंधन बिखर जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। बहरहाल अब राजनैतिक स्थिति बदल गई है। अब गैर कांग्रेस वाद बहुत पीछे चला गया है। अब लड़ाई गैर भाजपावाद की है। लेकिन अभी भी क्षेत्रीय दल अपनी जमीन पर कांग्रेस को खाद–पानी मुहैया नहीं कराना चाहते। चाहे यूपी हो, पंजाब हो, दिल्ली हो, बिहार हो, पश्चिम बंगाल हो। इसीलिए गाहे–बगाहे इन सभी राज्यों के क्षेत्रीय क्षत्रप कांग्रेस को कोसते रहते हैं। यह कांग्रेस का साथ केवल इसलिए दे रहे हैं क्योंकि इन सबके मुखिया भाजपा की जांच एजेंसियों से पीड़ित हैं और अकेले उनमें भाजपा से भिड़ने की हिम्मत नहीं है। लिहाजा यह मजबूरी और विवशताओं पर टिका हुआ गठबंधन है तो उसे गठबंधन नहीं कहते हैं। मजबूरियों का साथ कभी भी स्थाई नहीं होता है। ऐसे में कांग्रेस को यह समझना चाहिए। इन विधानसभा चुनावों से एक संदेश जाना चाहिए था। वैसे देखा जाए तो सभी क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस की ही जमीन ली है। 1993 में जब मुलायम सिह को सरकार बनाने के लिए सीटें कम पड़ रहीं थीं, तब कांग्रेस ने समर्थन दिया था। उसी तरह सपा ने केंद्र में कांग्रेस को समर्थन दिया। दोनों एक दूसरे को स्पेस नहीं देना चाहते हैं। कांग्रेस के लोग मानते हैं कि अगर हमने मध्यप्रदेश में छह सीटें दे दीं और उनमें से तीन सपा जीत गई तो वो तीन कहां जाएंगे, यह कोई नहीं कह सकता है। इंडिया गठबंधन नेताओं के बीच हुआ गठबंधन है। 1975 के दौर की एकता अभी दिखाई नहीं देती है। गठबंधन की बैठकें शादियों में शामिल होने जैसी लग रही है। इसके अलावा क्षेत्रीय दलों एवं कई राज्यों में भाजपा विहीन सरकारें के मंत्री विधायक, गैर भाजपाई दलों के नेताओं पर ईडी, इनकम टैक्स जैसी तमाम एजेन्सियों का शिकजा लगातार कंसा जा रहा है। चाहे आम आदमी पार्टी के मंत्रियों एवं सांसद को जेल भेजने का मामला हो, चाहे तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई का मामला हो, चाहे सपा नेता आजम खॉ पर शिकंजा कसने का मामला हो। इस तरह के तमाम उदाहरण है जिसका विरोध एक सुर में इण्डिया गठबंधन नही किया गया। कारण स्पष्ट है कि केन्द्रीय जॉच एजेंसी ने इण्डिया गठबंधन के अधिकाधिक दलों के बड़े नेताओं पर शिकंजा कस रखा है। ऐसे में जिस भी दल ने ऑखें दिखाने और आवाज उठाने की कोशिश की उसकी गरदन दबोचने में केन्द्रीय एजेसियो तैयार है। जबकि गठबंधन के सभी नेता कांग्रेस से यही उम्मीद करते है कि जब केन्द्रीय जॉच एजेसिया कोई कार्रवाई करे तो कांग्रेस उनके साथ खड़ी हो, जबकि सभी को मालूम है कि कांग्रेस के खिलाफ काफी मामले केन्द्रीय जॉच एजेसियों के पास लम्बित है। कुल मिला गठबंधन के नेता नीतिश कुमार, अखिलेश यादव एवं अरविन्द्र केजरीबाल का मनमुटाव आने वाले समय में कई अन्य दलों को गठबंधन से दूर करता दिखाई पड़ेगा।

# 100 वर्ष पहले भी भारत ने की थी इजरायल की मदद

## अफसोस इतिहास के पन्नों में दफन हो गई भारतीय वीरों की सौर्य गाथा

**अंकित शुक्ला विशेष**

घटना 23 सितंबर 1918 के प्रथम विश्व युद्ध की है। जब भारतीय घुड़सवार सैनिकों ने तोपो और तब की आधुनिक मशीन गनों का सामना भाले और तलवार से कर ऑटोमन सेना पर विजय प्राप्त किया जिसे इतिहास में हाइफा युद्ध के नाम से जाना जाता है। हाइफा उत्तरी इजराइल का बंदरगाह वाला शहर जो एक तरफ भूमध्य सागर से सटा है वहीं दूसरी तरफ माउंट कैरेमल की ऊंची पहाड़ियां है प्रथम विश्व युद्ध के दौरान हाइफा पर जर्मन व तुर्की सेना का कब्जा था। हाइफा अपने रेल नेटवर्क और बंदरगाह की वजह से रणनीतिक तौर पर बहुत महत्वपूर्ण था। जो की मित्र देश को युद्ध का सामान और राशन पहुंचाने के लिए एकमात्र समुद्र का रास्ता था। हाइफा को जीते बिना प्रथम विश्व युद्ध जीतना असंभव था। हाइफा को तुर्की से आजाद करने की जिम्मेदारी ब्रिटिश सेना की थी। लेकिन ब्रिटिश सेना के लिए यह जंग जीतना आसान नहीं था। क्योंकि दुश्मन सेना ज्यादा ताकतवर थी। एक तरफ नदी तो दूसरी तरफ पहाड़ियां बीच में सकरा रास्ता हमला इसी रास्ते से संभव था। लेकिन यहां से हमला करना सीधे दुश्मन सेना के निशाने पर आना था। हाइफा में तुर्की जर्मनी और ऑस्ट्रिया की संयुक्त ऑटोमन सेना की चौकियां थी। तथा ऑटोमन सेना के पास भारी मात्रा में तोप गोला बारूद बंदूक गोलियां जैसी किसी भी चीज की कमी न थी। 21 सितंबर की आधी रात के बाद 18वीं किंग जॉर्ज के लांसर 13वीं ब्रिगेड का हिस्सा शहर के पश्चिम में आगे बढ़ रहे थे। जब उन पर ऑटोमन हाइफा बटालियन ने तोपो से हमला कर ब्रिटिश सेना के हमले को नाकाम कर दिया। तब ब्रिटिश सेना के अधिकारियों ने भारत की तीन रियासतों हैदराबाद मैसूर और जोधपुर से मदद की गुहार लगाई। रियासतों ने इस अपील को स्वीकार कर अपने सैनिकों को जंग के लिए भेज दिया। हैदराबाद के सैनिक मुस्लिम थे इसलिए उन्हें तुर्की से सीधे ना लड़ा कर बंदियों के प्रबंध कार्य में लगाया गया। तथा मैसूर व जोधपुर के सैनिकों को मिलाकर एक विशेष इकाई बनाई इन भर्तियों सैनिकों के साथ कुछ संख्या में अंग्रेज सैनिकों को भी रखा गया। 22 सितंबर को ब्रिगेडियर ब्रिटिश एडमन एलिनबी किंग को ऑटोमन सेना की भारी संख्या में मौजूदगी का पता चला उन्हें पता था ऐसे में सेना अंदर गई तो बच कर आना मुश्किल है। तत्काल उन्होंने सेना को युद्ध न करने का आदेश दिया अंग्रेजी सैनिक पीछे हट गए पर भारतीय सैनिकों को पीछे हटना मंजूर न था। मेजर दलपत सिंह शेखावत की अगवाई में कोई भी सैनिक अपने फर्ज से पीछे हटने को तैयार नहीं सवाल यह था अगर पीछे हट गए तो वापस जाकर अपने देश रियासत और परिवार को क्या मुंह दिखाएंगे। जंग लड़ने के लिए तैयार भारतीय घुड़सवार सैनिकों के पास भाले और तलवार थी साथ ही पैदल चल रहे कुछ ब्रिटिश सैनिकों के पास बंदूके थी। भारतीय सेना को तुर्की सेना की चौकियां व तोपखाने को तबाह करने की जिम्मेदारी दी गई थी। तथा मेजर दलपत सिंह शेखावत ने जोधपुर सैनिकों को लेकर सामने की तरफ से हमला किया दूसरी तरफ मैसूर सैनिकों ने उत्तर की तरफ से भारतीय सैनिक भालों से तुर्की सेना को मौत के घाट उतारते जा रहे थे। लड़ाई की शुरुआत में ही दलपत सिंह शेखावत की मौत हो गई तत्पश्चात डिप्टी बहादुर अमान सिंह जोधा ने मोर्चा संभाला हमला इतनी तीव्र गति से और दो तरफा किया गया कि तुर्की सेना समझ न सकी बौखलाहट के कारण आधाधुंध गोलियां चलाना शुरु कर दिया एक–एक कर भारतीय सैनिक मर रहे थे और मरते भी जा रहे थे। लगभग दोपहर 2रू00 बजे तुर्की की अधिकांश चौकिया पर भारतीय सैनिकों ने कब्जा कर लिया और उन्हीं के हथियारों से उनको मारना शुरू कर दिया परिणाम स्वरूप दोपहर के लगभग 3रू00 बजे हाइफा शहर पर भारतीय सैनिकों का कब्जा हो गया और 4.00 बजे हाइफा शहर तुर्की की गिरफ्त से पूरी तरह आजाद हो चुका था। हाइफा का बंदरगाह ब्रिटिश सेना के हाथ में आने के परिणाम स्वरूप 400 सालो से राज कर रही ऑटोमन साम्राज्य का अंत हो गया। भारतीय सैनिकों की बहादुरी के लिए मेजर दलपत सिंह कैप्टन अनूप सिंह और लेफ्टिनेंट सागत सिंह को मिलिट्री क्रॉस से सम्मानित किया गया। तथा डिप्टी बहादुर अमान सिंह जोधा और जोर सिंह को इंडियन ऑर्डर ऑफ मेरिट पदक से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 1922 में इन वीरों की याद में दिल्ली में तीन मूर्ति चौक की स्थापना गयी। तथा इस स्थान का नाम तीन मूर्ति चौक रखा गया। वर्ष 2018 में इसराइल के राष्ट्रपति 6 दिवसीय भारत दौरे के दौरान वह सबसे पहले तीन मूर्ति चौक पर गए। तब से इस स्थान का नाम बदलकर तीन मूर्ति हाइ्फा चौक रख दिया गया है। यह पूरी घटना हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश कैवलरी में दर्ज है। प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को इजराइल में भारतीय सैनिकों के बलिदान को हाइफा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तथा इजरायली बच्चों के पाठ्यक्रम में भारतीय वीरों की शौर्य गाथा पढ़ाई जाती है। उम्मीद करता हूं कि भारत सरकार भी इन सच्चे वीर सपूतों की वीर गाथा को भारतीय पाठ्यक्रम में शामिल करें।

# मौसम और त्यौहारों से मुकाबला करता चुनावी रंग

**राकेश अचल**

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए परिदृश्य अब कुछ–कुछ उभरने लगा है। इन पांच में से चार राज्यों में सभी प्रमुख दलों ने अपने–अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए है, जो बाकी हैं वे भी आज–कल में सामने आ जायेंगे। इससे अब मतदाताओं को अपना मन बनाने में सुविधा होगी। अब बचे–खुचे दिन मतदाताओं को रिझाने और रूठों को मनाने में खर्च किये जायेंगे। इस बीच मौसम ने भी करवट बदली है और हवा में गुलाबी सर्दी का अहसास होने लगा है। मौसम का रंग और चुनावी रंग त्यौहारों के रंग से मुकाबला करता नजर आ रहा है। इन विधानसभा चुनावों में सभी राजनीतिक दलों में मुख्यमंत्री के चेहरों को लेकर असमंजस है। सबसे ज्यादा असमंजस तो भाजपा में है। कांग्रेस में भी असमजंस की स्थिति है लेकिन भाजपा से कम। कांग्रेस के पास मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हालाँकि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों को सब पहचान रहे हैं लेकिन राजस्थान में चुनाव परिणाम आने के बाद फैसला किया जायेगा। राजस्थान में अभी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जादू पार्टी के भीतर और बाहर साफ नजर आता है। कांग्रेस के सामने ऐसी पशोपेश तेलंगाना में भी नहीं है। वहां भी प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में अघोषित रूप से घोषित किया गया है। मिजोरम में किसी भी दल के पास कोई ऐसा चेहरा नहीं है जो साफ तौर पर मुख्यमंत्री का चेहरा हो। यहां हर बार गठजोड़ की सरकार बनती है और इसमें भाजपा की भूमिका इस बार भी शायद नगण्य हो। कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों के जितने भी नाम इन राज्यों में सामने आये हैं उन्हें लेकर पार्टी के भीतर असंतोष और संतोष बराबर है। कांग्रेस ने इस असंतोष का सामना करने का शायद पहले से मन बना रखा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने साफ कहा है कि पार्टी के पास 4000 आवेदन थे लेकिन उम्मीदवार तो केवल 230 ही बनाये जा सकते है। ये हमारे नेता और कार्यकर्ता भी जानते हैं। हम रूठे लोगों को मना लेंगे। कांग्रेस में अभी जहाँ भी असंतोष के सुर सुनाई दिए हैं वहां चिंता की बात ज्यादा नहीं है। असंतोष को लेकर सबसे ज्यादा चिंता भाजपा में है । भाजपा में शिवराज,नाराज और महाराज भाजपा के बीच पहले से जंग चल रही थी। इस जंग को



प्रत्याशियों के चयन ने और बढ़ा दिया। इसी वजह से सबसे ज्यादा भगदड़ भाजपा में ही हुई।,जो अभी भी थमने का नाम नहीं ले रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा सत्ता विरोधी लहर के साथ ही पार्टी के आंतरिक असंतोष का भी सामना कर रही है ,लेकिन राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को केवल आंतरिक असंतोष ही इतना भारी पड़ रहा है कि वो सत्ता प्रतिष्ठान विरोधी जन भावना को भुनाने की स्थिति में आ ही नहीं पा रही है। इन राज्यों में भाजपा के अनेक येदुरप्पा हैं जो पार्टी हाई कमान को आँखें दिखा रहे हैं। भाजपा का मौजूदा हाई कमान पुराने और स्थापित नेताओं से आतंकित है इसलिए उन्हें किनारे कर देना चाहता है। लेकिन हाई कमान की यही कोशिश उसके गले की हड्डी बन गई है। मध्य प्रदेश में भाजपा ने मौजूदा मुख्यमंत्री के सामने एक तरह से हथियार डाल दिए हैं लेकिन राजस्थान में वसुंधरा राजे के सामने हाई कमान की प्रत्यंचा अभी भी तनी हुई है। छग में डॉ रमन सिंह हाई कमान के सामने कभी तनकर खड़े नहीं हुए, इसलिए उन्हें अभी भी पसंद किया जा रहा है। तेलंगाना और मिजोरम में भाजपा की कलम अभी तक जड़ों में तब्दील ही नहीं हुई है। इन दोनों राज्यों में भाजपा सत्ता संग्राम का हिस्सा नहीं है। पांच राज्यों के चुनावों को लेकर भाजपा हाई कमान जितना तनाव में है उसे देखकर लगता है कि उसे इन राज्यों का रण आसान नहीं लग रहा। डबल इंजन की सरकार चलने के बाद भी मध्यप्रदेश में भाजपा के सामने चुनौतियाँ ही चुनौतियाँ हैं। मप्र में सत्ता बनाये रखना और राजस्थान तथा छग में सत्ता छीनना आसान काम नहीं है जबकि हाल ही में कर्नाटक जीत चुकी कांग्रेस का मनोबल बढ़ा हुआ है। मध्यप्रदेश में भी और राजस्थान में भी। छग में कांग्रेस की सरकार है और उसे फिलहाल कोई चुनौती भी नहीं है। तेलंगाना में केसीआर परिवारवाद के फेर में फंसकर उलझ गए है। वे मोदी के विरोधी हैं किन्तु आईएनडीआईए के समर्थक भी नहीं हैं इसलिए उनका जाना भी लगभग तय लग रहा है। मिजोरम में भी मणिपुर की आग का थोड़ा–बहुत असर तो है । मिजोरम ने मणिपुर में हुई हिंसा के बाद शरणार्थियों का बोझ उठाया है। जाहिर तौर पर इसके लिए भाजपा को ही जिम्मेदार माना जा सकता है। इन सभी राज्यों में लड़ाई के लिए भले ही चेहरे सामने नहीं है लेकिन लड़ाई होगी फेस टू फेस ही क्योंकि भाजपा के पास मुद्दे भी नहीं है और चेहरे भी, जबकि कांग्रेस के पास मुद्दे भी हैं और चेहरे भी। अर्थात सीधी लड़ाई में जो प्रत्याशी सबल होंगे वे जीतेंगे भले ही वे किसी भी दल के हों।

## कच्चा तेल 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 92 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं,




मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन ब्रेंट क्रूड का भाव 0.71 डॉलर यानी 0.77 फीसदी की गिरावट के साथ 91.45 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.80 डॉलर यानी 0.91 फीसदी लुढ़क कर 87.28 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है।

## वाघ बकरी ग्रुप के कार्यकारी निदेशक पराग देसाई का निधन, आवारा कुत्तों से बचने में हो गए थे घायल

**नई दिल्ली।** गुजरात टी प्रोसेसर्स एंड पैकर्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक पराग देसाई का 49 वर्ष की आयु में अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। गुजरात टी प्रोसेसर्स एंड पैकर्स लिमिटेड अपने प्रतिष्ठित चाय ब्रांड - वाघ बकरी चाय के लिए सबसे लोकप्रिय है।

देसाई 15 अक्टूबर को उस समय दुर्घटना का शिकार हो गए थे जब वह अपने आवास के पास इस्कॉन अंबली रोड के पास सुबह की सैर पर निकले थे। उस दौरान आवारा कुत्तों से बचते हुए वे फिसलकर गिर गए थे जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया।

इसके बाद उन्हें अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल ले जाया गया और हालत बिगड़ने पर हेबतपुर रोड पर एक अन्य निजी



अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। देसाई के परिवार के करीबी सूत्रों के अनुसार, उनकी तुरंत सर्जरी की गई और निधन से पहले उन्हें सात दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया था। देसाई की कई स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण रविवार शाम को मौत हो गई थी। देसाई ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में लॉन्ग आइलैंड यूनिवर्सिटी से एमबीए किया था और वह प्रीमियम चाय समूह की चौथी पीढ़ी के उद्यमी थे। समूह के बिक्री, विपणन और निर्यात प्रभाग का नेतृत्व करने और ब्रांड को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के अलावा, देसाई एक उत्साही चाय टेस्टर और मूल्यांकनकर्ता भी थे। उन्हें यात्रा और वन्यजीवन में गहरी रुचि थी और उन्होंने उदारतापूर्वक स्थिरता वाली परियोजनाओं के लिए अपना समय दिया। पराग देसाई के पिता रसेस देसाई हैं, जो फिलहाल वाघ बकरी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।

## त्योहारों और शादियों में करीब नौ लाख करोड़ का व्यापार, 60 करोड़ से अधिक लोग करेंगे खरीददारी

**नई दिल्ली।** त्योहारी और शादियों के व्यस्ततम सीजन के साथ ही नए साल के आगमन पर देश के बाजार गुलजार होने वाले हैं। अनुमान है कि 31 दिसंबर तक 8.5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होगा। इस दौरान 60 करोड़ से ज्यादा ग्राहक खरीदारी करेंगे। अच्छी बात यह है कि इस बार चीन के किसी भी उत्पाद की बिक्री नहीं होगी। साथ ही, ऑनलाइन कारोबार के 90 हजार करोड़ की तुलना में दुकानों का कारोबार 9 गुना ज्यादा होगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल के मुताबिक, जो ग्राहक पहले चीन के बने सामान को ही मांगते थे वे अब इसे खरीदने से परहेज कर रहे हैं। रक्षा बंधन से शुरू हुए त्योहारी सीजन में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये, उसके बाद शादियों के सीजन में लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये व क्रिसमस के साथ नए वर्ष पर 1.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होगा। इस व्यापार से देश के खुदरा उद्योग को रफ्तार मिलेगी। इससे बाजार के सेंटीमेंट के साथ अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। कैट के अध्यक्ष बी सी भरतिया ने बताया कि इस कारोबार में लगभग 8 फीसदी हिस्सा सोने-चांदी का, 10 फीसदी उपहारों का, छह फीसदी सजावटी सामान का, 30फीसदी खाने एवं कैटरिंग का, 10त्न इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल का, 10फीसदी कपड़ों का, 5-5 फीसदी फर्नीचर एवं फर्निशिंग और मिठाई का होगा। 6फीसदी इवेंट मैनेजमेंट में एवं 10फीसदी अन्य सामानों की खरीद पर खर्च होगा।

## दुनिया की बेस्ट व्हिस्की का 'नशा' टूटा तो खाली हो गई जेब, पिकैडिली एग्रो के निवेशकों को बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली।** दुनिया बेस्ट व्हिस्की बनाने वाली हरियाणा की शराब कंपनी के शेयरों का नशा टूटा तो निवेशकों की जेब खाली होने लगी है। पिकैडिली एग्रो लिमिटेड के ब्रांड इंद्री दिवाली 2023 एडिशन को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सिंगल माल्ट व्हिस्की का खिताब मिला तो शेयर आसमान पर पहुंच गए। लगातार अपर सर्किट पर सर्किट लगने लगा, लेकिन यह स्टॉक अब लगातार लोअर सर्किट का सामना कर रहा है। आज भी पिकैडिली एग्रो के शेयर में 5 फीसद का लोअर सर्किट लगा है और यह 254.55 रुपये पर आ गया है।पिछले पांच दिन में यह 18 फीसद से अधिक लुढ़क चुका है। हालांकि, अब भी यह स्टॉक पिछले एक महीने में 123 फीसद से अधिक रिटर्न दे चुका है। स्टॉक में तेजी के दौरान जिन निवेशकों ने निवेश किया होगा उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है, जबकि पहले निवेश करने वाले लोगों का मुनाफा अब कम होने लगा है। छह महीने में करीब 7 गुना उछलने वाला यह शेयर अब इस अवधि में फिसल कर 435 फीसद के रिटर्न पर आ गया है। पांच दिन पहले इसका रिटर्न 650 फीसद से ऊपर था। लगातार पांच दिनों से लग रहे लोअर सर्किट के बावजूद पिकैडिली इस साल अब तक 477 फीसद का रिटर्न दे चुका है। जबकि, एक साल में 450 फीसद उछला है। पिछले 5 साल में अभी भी यह स्टॉक 2015 फीसद का रिटर्न देकर मल्टीबैगर स्टॉक बना हुआ है। शुरुआत से अबतक इस स्टॉक ने 101720 पर्सेंट का बंपर रिटर्न दिया है। इसका 52 हफ्ते का हाई 328 रुपये और लो 38 रुपये है।

## अमेरिका बना भारत का सबसे बड़ा कारोबारी भागीदार, चीन दूसरे पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और घटते निर्यात-आयात के बावजूद चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है। चीन दूसरे स्थान पर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 11.3 फीसदी घटकर 59.67 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 67.28 अरब डॉलर था।

अप्रैल-सितंबर में अमेरिका को निर्यात 41.49 अरब डॉलर से घटकर 38.28 अरब डॉलर रहा है। आयात 25.79 अरब डॉलर से कम होकर 21.39 अरब डॉलर रहा है। चीन के साथ कारोबार 3.56 फीसदी घटकर 58.11 अरब डॉलर रहा है।

**द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का रुख**

पहली छमाही में चीन को भारत से निर्यात मामूली गिरकर




7.74 अरब डॉलर रहा जबकि आयात भी घटकर 50.47 अरब डॉलर रहा। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का रुझान आने वाले वर्षों में भी जारी रहेगा, क्योंकि नई दिल्ली और वाशिंगटन आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने में लगे हुए हैं। अमेरिका उन कुछ देशों में से एक है जिसके साथ भारत का व्यापार सरप्लस है। 2022-23 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2021-22 में 119.5 अरब डॉलर के मुकाबले 2022-23 में 128.55 अरब डॉलर हो गया।

## विदेशी निवेशकों ने 12146 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** अमेरिकी बॉन्ड की ब्याज दरें बढ़ने और इस्राइल-हमास युद्ध के कारण विदेशी निवेशकों ने इस महीने में अब तक इक्विटी बाजार से 12,146 करोड़ रुपये निकाले हैं। इन निवेशकों ने सितंबर में भी 14,767 करोड़ रुपये की निकासी की थी। हालांकि, डेट बाजार में इन्होंने 5,700 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस साल मार्च से अगस्त तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 1.74 लाख करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

**शीर्ष 10 कंपनियों के 1.52 लाख करोड़ रुपये डूबे**

शेयर बाजार में सूचीबद्ध शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में पिछले हफ्ते 1.52 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। इस दौरान सेंसेक्स में 885 अंकों की गिरावट आई थी। सबसे ज्यादा 34,877 करोड़ रुपये का नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस का बाजार पूंजीकरण 27,827 करोड़ रुपये घटा। एचयूएल को



18,103 करोड़ और बजाज फाइनेंस को 17,171 करोड़ का घाटा हुआ।

**एसएमईः 3540 करोड़ रुपये जुटाए**

एसएमई कंपनियों ने आईपीओ के जरिये इस साल में अब तक 3,540 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कुल 139 आईपीओ इस दौरान आए। 2022 में 109 कंपनियों ने 1,875 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसके साथ ही दो आईपीओ इस हफ्ते खुलने हैं। गोदरेज इंटीरियो ने वित्त वर्ष 2026 तक 450 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा है। उपाध्यक्ष देव सरकार ने कहा, कंपनी दिल्ली-एनसीआर में संगठित फर्नीचर में हिस्सा तीन साल में दोगुना करने का लक्ष्य रखी है, जो अभी 18त्न है। दिल्ली-एनसीआर में इसकी वृद्धि दर 15फीसदी से ज्यादा है।

**वीरहेल्थः एक शेयर देगी बोनस**

वीरहेल्थ केयर को पूर्वी अफ्रीका से रु. 1.36 करोड़ का निर्यात ऑर्डर मिला है। साथ ही कंपनी ने एक पर एक शेयर बोनस को मंजूरी दे दी है। अगले तीन माह में ऑर्डर पूरा करने की उम्मीद है।

## अडाणी सीमेंट ने 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर कर्ज का किया पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** अडाणी सीमेंट ने एसीसी और अंबुजा सीमेंट के अधिग्रहण के लिए लिये गये 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण को लेकर पुनर्वित्त की सुविधा प्राप्त की है। यह समूह में अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के बढ़ते विश्वास का संकेत है। कंपनी ने बयान में कहा कि कम से कम 10 अंतरराष्ट्रीय बैंकों ने इसके लिए पुनर्वित्त की सुविधा प्रदान की है।बयान में कहा गया, '' कुछ अंतरराष्ट्रीय बैंकों ने 3.5 अरब डॉलर कर्ज के लिये पुनर्वित्त सुविधा उपलब्ध करायी है। यह पुनर्वित्त तीन साल तक के लिये है। यह मजबूत समर्थन और पूंजी तक पहुंच को दर्शाता है...। कंपनी ने कहा, '' यह वैश्विक वित्तीय बाजार में अडाणी समूह की मजबूत पहुंच और मजबूत नकदी स्थिति को दर्शाता है। यह उपलब्धि वित्तीय स्थिरता तथा वृद्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें कहा गया है कि पुनर्वित्त से 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर लागत की बचत होगी। अडाणी सीमेंट ने पिछले साल सितंबर में 6.6 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के जरिए अंबुजा और एसीसी का अधिग्रहण किया था, जिससे यह देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट विनिर्माता बन गई। वर्तमान में अंबुजा सीमेंट और एसीसी की संयुक्त स्थापित उत्पादन क्षमता 6.7 करोड़ टन प्रति वर्ष है जो सांघी सीमेंट के घोषित अधिग्रहण के साथ 2025 तक 10 करोड़ टन हो जाएगी।

## चक्रवृद्धि ब्याज दर से बनाएं कमाई का रास्ता, भविष्य बेहतर बनाने में करता है मदद

**नई दिल्ली।** चक्रवृद्धि ब्याज निवेशकों के लिए भी बहुत जरूरी है। चाहे आप पैसे उधार ले रहे हों या निवेश कर रहे हों, चक्रवृद्धि ब्याज वित्तीय भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आप यह समझ गए कि चक्रवृद्धि ब्याज के माध्यम से पैसा समय के साथ कैसे बढ़ सकता है, तो आपकी वित्तीय सफलता तय है। एनएसई के हालिया पॉडकास्ट में निमेश शाह और मनी पाठशाला के विवेक ला ने चर्चा की। चक्रवृद्धि ब्याज को समझने से बड़े-बड़े शब्दों का खास महत्व नहीं रह जाता है।

निवेश करने की प्रक्रिया जटिल हो सकती है, जो कभी-कभी अनिश्चितताओं और शब्दजाल से भरी सकती है। यह एक आम इंसान को डरा सकती है। इस वित्तीय परिस्थिति से निपटने के लिए एक तरह की समझ और रणनीति की जरूरत पड़ती है।

**ऐसे समझें चक्रवृद्धि ब्याज से कमाई का गणित**

चक्रवृद्धि ब्याज का मतलब ब्याज से कमाई करना है। उदाहरण के तौर पर



आपने किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में 100 रुपये का निवेश किया और अगले साल वह 110 रुपये हो गया। अगर यह निवेश आप जारी रखते हैं तो तो उसके बाद जो 10 रुपये आपने कमाए हैं, उस पर भी आपको फायदा होगा, यानी निवेश 110 रुपये का हो जाएगा।

बैंक एफडी में यह सुविधा नहीं है क्योंकि वहां ब्याज दरें फिक्स्ड होती हैं। इसलिए?ऐसे साधनों में निवेश करें, जहां दरें फिक्स न हों और मुनाफे पर फिर से फायदा मिले। निवेशकों के लिए महंगाई चिंता का विषय रहती है, लेकिन यह ऐसी समस्या नहीं है जो हल नहीं हो। महंगाई का हल इसी में है कि लाभदायक व्यवसायों में निवेश किया जाए। निवेश में असफल होने से महंगाई के साथ खरीद शक्ति कम हो जाएगी।

**उतार-चढ़ाव एक अवसर**

निवेश का एक प्रमुख पहलू बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटना है। यह महत्वपूर्ण है कि उतार-चढ़ाव जोखिम का दूसरा नाम नहीं है। यह जोखिम के बजाय एक अवसर है। कम समय में बाजार में उतार-चढ़ाव परेशान करने वाला हो सकता है। लंबे समय के निवेशक हैं तो परेशान नहीं होंगे। आगे चलकर देश और कंपनियों की कमाई में वृद्धि होगी। स्टॉक की कीमतें इसका अनुसरण करती हैं। जो लोग उतार-चढ़ाव के झटके सहन कर सकते हैं, उनके लिए दस साल या उससे अधिक समय के लिए निवेश करने से संतोषजनक परिणाम मिल सकते हैं।

**एक दशक में बाजार का 13 फीसदी तक रिटर्न**

पिछले एक दशक में (2013 से) भारतीय शेयर बाजार ने औसतन 11-13त्न का रिटर्न दिया है। यह देश की 10त्न की विकास दर से अधिक है। बाजार में थोड़े समय के लिए उतार-चढ़ाव आम बात है, लेकिन लंबे समय के निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए। सफल निवेशक वे हैं जो निवेश को लंबी अवधि तक बनाए रखते हैं और बाजार में गिरावट आने पर घबराते नहीं हैं।

**बैलेंस्ड एडवांटेज और मल्टी-एसेट फंड बेहतर**

बैलेंस्ड एडवांटेज उत्पाद उनके लिए बनाया गया है जो इक्विटी के समान कम अस्थिरता के साथ रिटर्न चाहते हैं। फंड की रणनीति में बाजार में गिरावट के दौरान इक्विटी में निवेश और बाजार महंगा होने पर फिक्स्ड इनकम में निवेश बढ़ाना शामिल है। इसका इक्विटी में निवेश कुल फंड के 30-80त्न के बीच रखा जाता है।

यह रणनीति ऑटोमेटिक है और पुनर्संतुलन के कारण कैपिटल गेन टैक्स से बचने में मदद करती है। मल्टी-एसेट फंड इक्विटी, डेट और सोने में निवेश करता है। ये फंड पोर्टफोलियो को विविधीकरण और संतुलन प्रदान करने के साथ जोखिम को कम करते हैं।

## सरकार ने तांबे के उत्पादों, ड्रम, टिन कंटेनर के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड तय किए, अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने घटिया वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए तांबे के उत्पादों, ड्रम और टिन कंटेनर के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड जारी किए हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा 20 अक्टूबर को दो अलग-अलग अधिसूचनाएं ड्रम व टिन (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2023, और तांबा उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2023 जारी किए गए।

इन दो आदेशों के तहत वस्तुओं का उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि उन पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का चिह्न न हो। डीपीआईआईटी ने कहा कि ये आदेश इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह महीने पर प्रभावी होंगे।

तांबे तथा इसकी मिश्र धातुओं का इस्तेमाल बिजली उत्पादन, बिजली पारेषण, दूरसंचार, विद्युत सर्किट और कई उपकरणों में किया जाता है। इसलिए तांबे के उत्पादों को सर्वोत्तम गुणवत्ता का होना चाहिए और किसी भी कीमत पर शुद्धता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

इस आदेश के अंतर्गत तांबे के नौ उत्पादों में विद्युत अनुप्रयोगों के लिए तार की छड़ें शामिल हैं, कंडेनसर व हीट एक्सचेंजर्स के लिए ठोस तांबे व तांबे की ट्यूब, फ्रीज तथा एयर कंडीशनिंग के



लिए इस्तेमाल होने वाली तांबे की ट्यूब भी इसके तहत आती हैं। विभाग ने कहा,'' घरेलू लघु/सूक्ष्म उद्योगों की सुरक्षा के लिए, क्यूसीओ गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के सुचारू क्रियान्वयन, व्यापार करने में आसानी को सुनिश्चित करने के लिए, लघु/सूक्ष्म उद्योगों को समयसीमा के संबंध में छूट दी गई है, लघु उद्योगों को अतिरिक्त तीन महीने और सूक्ष्म उद्योगों को अतिरिक्त छह महीने का समय दिया गया है।'' इसी तरह ड्रम और टिन का उपयोग मूल रूप से कई अलग-अलग प्रकार के जहरीले, ज्वलनशील तथा खतरनाक पदार्थों के भंडारण और परिवहन के लिए किया जाता है। अपशिष्ट प्रबंधन, स्वास्थ्य देखभाल और खाद्य सेवाओं सहित उद्योगों में इनका व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। विभाग ने कहा कि इसलिए यह जरूरी है कि किसी भी प्रकार के रिसाव, मिलावट तथा आग से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए ड्रम और टिन अच्छी गुणवत्ता के होने चाहिए।

आदेशानुसार, '' डीपीआईआईटी, बीआईएस और हितधारकों के परामर्श से क्यूसीओ को अधिसूचित करने के लिए प्रमुख उत्पादों की पहचान कर रहा है। इसके तहत 318 उत्पाद मानकों को कवर करने वाले 60 से अधिक नए क्यूसीओ को तैयार करना शुरू किया गया है।'' बीआईएस अधिनियम के प्रावधान का उल्लंघन करने पर पहली बार अपराध करने पर दो साल तक की कैद या कम से कम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। दूसरी बार और उसके बाद के अपराधों पर जुर्माना बढ़कर न्यूनतम पांच लाख रुपये हो जाएगा और माल या वस्तुओं के मूल्य के 10 गुना तक बढ़ जाएगा। उपयोगकर्ताओं और निर्माताओं के बीच गुणवत्ता संवेदनशीलता विकसित करने के लिए विभाग द्वारा क्यूसीओ के विकास सहित विभिन्न पहल की जा रही हैं।

## देश के बाजारों में 31 दिसंबर तक 8.5 लाख करोड़ रुपये का होगा व्यापार : कैट

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को कहा कि त्योहारी सीजन में 31 दिसंबर तक देशभर के बाजारों में लगभग 8.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होगा। ये ऑनलाइन व्यापार के संभावित 90 हजार करोड़ रुपये के आंकड़े से कहीं ज्यादा है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक 31 दिसंबर तक त्योहारी और शादियों के सीजन में करीब 60 करोड़ से ज्यादा ग्राहक मेनलाइन बाजारों से खरीददारी करेंगे। इसमें खास बात यह है कि चीन के किसी सामान की कोई बिक्री नहीं की जाएगी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान की दिशा में देश के व्यापारियों और उपभोक्ताओं का बड़ा सहयोग है। खंडेलवाल ने कहा कि जो ग्राहक पहले चीन के बने सामान को ही मांगते थे, वो अब ये सुनिश्चित करते हैं कि चीनी सामान न

खरीदें। खंडेलवाल ने कहा कि रक्षा बंधन से शुरू हुए त्यौहारों के सीजन में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये उसके तुरंत बाद शादियों के सीजन में लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये एवं तत्पश्चात् सीधे क्रिसमस एवं नये वर्ष पर करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये के देशभर में व्यापार के अनुमान के अनुसार यह आंकड़ा भारत के रिटेल व्यापार को तेज गति देगा। इससे धन की कमी से त्रस्त बाजारों के व्यापारियों के मनोबल और बाजार के सेंटीमेंट्स को मज़बूत करेगा। इस व्यापार से देश की अर्थव्यवस्था भी बहुत मज़बूत होगी।

कैट महामंत्री ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक करीब 8 फीसदी सोने-चांदी में, 10 फीसदी गिफ्ट आइटम्स में, 6 फीसदी सजावटी सामान में, 30 फीसदी फूड एवं कैटरिंग में, 10 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल में, 10 फीसदी वस्त्र एवं गारमेंट में, 5 फीसदी फर्नीचर एवं फर्निशिंग में, 5 फीसदी मिठाई-नमकीन में, 6 फीसदी इवेंट मैनेजमेंट में एवं शेष 10 फीसदी अन्य सामानों की खरीद में खर्च किए जाने की उम्मीद है।

खंडेलवाल ने कहा कि 8.5 लाख करोड़ का बड़ा व्यापार ऐसे समय में जब देश में विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां व्यापारियों के कारोबार को हड़पने की पुरजोर कोशिश कर रही हैं, लेकिन इतना बड़ा व्यापार व्यापारियों की खुद की मेहनत और ग्राहकों का परंपरागत दुकानदारों पर विश्वास के कारण से ही संभव होगा। स्थानीय दुकानदारों से ही खरीदी की जाए को लेकर कैट देशभर में फैले 45 हज़ार से ज़्यादा व्यापारी संगठनों के ज़रिए ग्राहकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ा अभियान देश के सभी राज्यों में चलाए हुए हैं जिसका सकारात्मक प्रभाव उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।

## वर्ल्ड कप के बीच चीनी कंपनियों का चौंकाने वाला फैसला, भारत में नहीं बेचेंगी टीवी

**नई दिल्ली।** चीन की टॉप इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों वनप्लस और रियलमी ने भारत में टेलीविजन का प्रॉडक्शन और सेल बंद कर दी है। दोनों कंपनियों ने भारत के स्मार्ट टीवी मार्केट में अच्छा-खासा बिजनस हासिल कर लिया था लेकिन अचानक उन्होंने इस बिजनस से बाहर निकलने का फैसला किया है। चीन की कंपनी शाओमी भारत के स्मार्ट टीवी बाजार में नंबर वन है। जानकारों का कहना है कि वनप्लस और रियलमी स्मार्टफोन बिजनस में बनी रहेंगी। सवाल यह है कि इन कंपनियों ने ऐसे समय में स्मार्टफोन टीवी मार्केट से किनारा क्यों किया जब देश में टीवी की बिक्री में काफी तेजी आई है? इन कंपनियों ने भारत में टीवी के सेल्स चैनल और ब्रांडिंग में निवेश किया था। इंटरनेट बूम और डेटा की कीमतों में कमी के कारण हाल में देश में स्मार्ट टीवी मार्केट में काफी तेजी आई है। साथ ही नेटफ्लिक्स, ऐमजॉन प्राइम और डिज्नी हॉटस्टार जैसी स्ट्रीमिंग सर्विसेज के ग्रोथ ने भी देश स्मार्ट टीवी की ग्रोथ में अहम भूमिका निभाई है।

### कुंवर कपिध्वज सिंह ने विशाल रैली निकाल कर दाखिल किया नामांकन

# वृंदावन गार्डन में उमड़ा ज़न सैलाब आयोजित हुई विशाल आम सभा,भाजपा को छोड़ सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

**पुष्पांजली टुडे रीवा**



रीवा।नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्यासी कुंवर कपिध्वज सिंह,(भइया साहब) अपने समर्थकों की उपस्थिति यानि कि विशाल जनसमुदाय को लेकर बड़े ही शानदार अंदाज में ढोल नगाड़ों के साथ वृंदावन गार्डन में एकत्रित हुए जंहा अपार जन मेदिनी को आम सभा के माध्यम से संबोधित किया गया, इस दौरान सैकड़ों की तादात मे क्षेत्र भर के भाजपा नेता कांग्रेस की सदस्यता लेकर, कांग्रेस में शामिल हुए, इन तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं को गुढ़ प्रत्याशी कुंवर कपिध्वज सिंह भइया साहब ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई, तत्पश्चात वृंदावन गार्डन से कलेक्ट्रेट के लिए विशाल नामांकन रैली निकाली गई, जंहा कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित अपने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ पहुंचकर उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस नेता श्री सिंह को जनता का अपार ज़न समर्थन व स्नेह मिल रहा है, जिसको देखते हुए प्रतीत होता है कि जनता इस बार परिवर्तन के मूड में है, वहीं श्री सिंह ने जनता से आशीर्वाद मांगा और इस बार अपनी जीत का भरोसा भी दिलाया है। इस दौरान क्षेत्र भर से एकत्रित हजारों लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था, उत्साहित क्षेत्र की जनता जनार्दन ने भी पूरी तरह से बदलाव का आगाज किया है, जो इस विशाल रैली के रूप मे देखने को मिला है, जिस तरह से लोगों का उत्साह देखा जा रहा है उससे यह माना जा रहा है की निश्चित रूप से प्रदेश के साथ ही गुढ क्षेत्र की जनता पूरी तरह से बदलाव के मूड में है और भाजपा विधायक के कुशासन से मुक्ति पाना चाहती है। आयोजित जनसभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के अलावा कांग्रेस जिला अध्यक्ष त्रियुगी नारायण शुक्ला,(भगत) जिला संगठन मंत्री रवि तिवारी, प्रदेश प्रतिनिधि लक्ष्मण कोल, पूर्व विधायक विद्यावती पटेल, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष दिनेश नारायण पि?हा, जिला महामंत्री विपिन पाण्डेय, सतीश सिंह तिवारी, गुढ़ ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र उपाध्याय, रायपुर कर्चुलियान ब्लॉक अध्यक्ष पद्मदीप शुक्ला, गोविंदगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह तिवारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मुमताज खान जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह परिहार, अर्चना त्रिपाठी, श्यामकली कोल, मुश्ताक खान, समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।रीवा जिले की गुढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने कुंवर कपिध्वज सिंह भइया साहब को अपना प्रत्यासी बनाया है, नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को ढोल नगाड़ों के साथ बड़ी संख्या में अपने कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन रैली के रुप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया है, इस दौरान उनके साथ भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग शामिल रहे। आप को बता दें कि कपिध्वज सिंह गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में काफी सक्रिय है, और उन्हें जनता का काफी समर्थन भी मिल रहा है, इसी के चलते कांग्रेस पार्टी ने उन्हे अपना प्रत्यासी बनाया है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री सिंह ने अपनी जीत का भरोसा जताया, और कहा की जनता जनार्दन का भरपूर समर्थन मिल रहा है, है, स्थानीय विधायक के भ्रष्टाचार, अनाचार और कमीशन खोरी से आम जनता परेशान है और इससे यहां की जनता मुक्ति पाना चाहती है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की जो जन विरोधी रीति नीति है, उससे भी पूरे प्रदेश के लोग मुक्ति पाना चाहते है उन्होंने कहा की गुढ़ विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, रोजगार की व्यापक समस्या है, जिसकी वजह से यहां के युवा पलायन करने के लिए विवश है, इसके अलावा कई और मुद्दे है जिन्हे पूरा किया जाएगा और छेत्र की जो भी समस्याएं है उसे दूर किया जाएगा, इसके अलावा श्री सिंह ने कहा कि भाजपा ने 85,वर्ष के प्रत्याशी को टिकट देकर जनता के साथ छल किया है, इसका खामियाजा जनता इन्हें आगामी 17, नवंबर को होने वाले विधानसभा के चुनाव में सिखाएगी,

**भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ग्रहण की कांग्रेस पार्टी की सदस्यता**-वृंदावन गार्डन में आयोजित विशाल जनसभा के दौरान भारतीय जनता पार्टी छोड़कर लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 16 से जनपद सदस्य रामावतार कोल, भारत कोल, सुखदेव कोल, भैयालाल कोल, कमलेश्वर कोल, सिंह, महिया से शैलेंद्र द्विवेदी, तथा खझवा



दद्दी कोल, गणेश कोल, दीपक सेन, के अलावा भाजपा नेता कमलाकर मिश्रा,और अमित द्विवेदी डढवा शामिल है इनके अलावा बरसैता से व्यासमुनि पाण्डेय, राजाराम द्विवेदी, कृष्णगोविन्द शुक्ला, तथा महेश शंकर पि?हा, के साथ-साथ गुढ़ से सोनेलाल सोनी, सज्जन सिंह, विपिन मिश्रा, बरहदी से कमलराज सिंह, उर्फ उत्तम सिंह, बरेही से राम नरेश विश्वकर्मा, उर्फ लल्लू, राघवेन्द्र शर्मा, रामलखन शर्मा, छठिलाल शर्मा, तमरी से राजकुमार साकेत, कस्तरी से राजकरण पहाड़ी से राजेश दुबे, रामायण दुबे, सिद्ध मुनि कोल, रमाकांत दुबे, शिवेंद्र दुबे, नीलू दुबे, पूर्व सरपंच लवकुश सेन, मणिराज कोल, सुरेश कोरी, सुखीलाल कोल, प्रेमलाल कोरी, अमित दुबे, बैकुंठ शर्मा, कैलाश कोल पहाड़िया से राजेंद्र पयासी, राजेश तिवारी, रामायण तिवारी, श्यामलाल तिवारी, सनत कुमार तिवारी, तथा गोरगांव 164 से केपी पटेल, रजनीश चतुर्वेदी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए

# मऊगंज जिले के बहुती प्रताप घूमने गए दो युवक घने जंगल में रात भर भटकते रहे



दैनिक पुष्पांजलि टुडे
पुष्पेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ
मऊगंज

बहुती प्रपात घूमने गए दो युवक घने जंगल में रात भर भटकते रहे देर रात से नईगढ़ी थाना पुलिस के दो जवान जंगल में भटके हुए दोनों युवकों को निकलने में लगे हैं । लेकिन रात में सफलता नहीं मिली है। करीब 7 घंटे का समय गुजर चुका है अभी तक नहीं पहुंची आपदा प्रबंधन टीम। घने जंगल में फंसे दोनों युवकों को भोजन पानी पहुंचने में आ रही समस्या। जिस बहुती प्रपात के दुर्गम पहाड़ में दोनों युवक अंधेर रात में फंसे हुए थे यह मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में आता है। बताया गया है कि दोनों युवक बीती शाम के समय बहुती प्रताप स्थित महात्मा जी दर्शन करने गए थे।जहां से लौटते दौरान रात हो गई और अंधेरी रात दौरान दोनों युवक घने जंगल में भटक गए! पूड़ी रात जंगल में भटकते रहे सुबह होते ही सकुशल बाहर निकाल आए

# कलेक्टर ने नामांकन पत्र दाखिल करने की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन रहा। प्रातः 11 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी 6 नामांकन पत्र दाखिल करने वाले केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्ट्रेट परिसर रीवा के पुराने भवन में विधानसभा क्षेत्र रीवा, गुढ़, सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर तथा मनगवां के नामांकन पत्र दाखिल किए गए। नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार दो नवम्बर तक नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग आफीसरों को निर्देश देते हुए कहा कि उम्मीदवारों द्वारा दाखिल नामांकन पत्रों का पूरी तरह से परीक्षण कर लें। उन्हें नाम के क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर लें। नामांकन पत्रों में यदि किसी तरह की कमी रह गई है तो उसे जाँच के दौरान उम्मीदवार अथवा उनके एजेंटों को अवगत कराएं। आज नामांकन का अंतिम दिन है। बड़ी संख्या में उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करने आ सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। एडीएम नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लें। कलेक्टर ने सुरक्षा में तैनात पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एडीएम शैलेन्द्र सिंह कलेक्टर के साथ रहे।

# विप्र सेवा संघ सतना इकाई का हुआ विस्तार



पुष्पांजली टुडे रीवा
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

सतना। विप्र सेवा संघ केंद्रीय कोर कमेटी के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शुक्ला के अध्यक्षता और शंभू चरण दुबे के मुख्य अतिथय में भरहुत नगर सतना में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया

**ये बने पदाधिकारी**-पंकज मिश्रा संभागीय अध्यक्ष रीवा , धर्मेंद्र पांडे जिला अध्यक्ष सतना ,अनिल पांडे जिला संयोजक सतना और धनंजय चतुर्वेदी प्रभारी मंत्री सतना

**सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में 467 आयोजन संपन्न**- विप्र सेवा संघ सामाजिक क्षेत्र में 467 आयोजन कर चुका है और भारत के 20 राज्य सहित मध्य प्रदेश के 40 जिलों में सफलतम कदम रख चुका है विप्र सेवा संघ के पूरे भारत में दो लाख से ज्यादा सदस्य बन चुके हैं सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य,और स्वरोजगार के क्षेत्र में प्रमुखता रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज अनिल पांडे जी ,वरिष्ठ पत्रकार सतीश पांडे जी ,शिवानंद पांडे जी ,अनिल पांडे जी, दीपक शुक्ला जी, वीरेंद्र सिंह तिवारी, कौशलेंद्र द्विवेदी, अखिलेश पांडे विपिन द्विवेदी, बृजेश कुमार पांडे, संदीप प्यासी ,शिवनारायण पांडे, अखिलेश प्यासी, शिवम शुक्ला सौरव मिश्रा ,पंकज द्विवेदी, राकेश पाल, संजय कंधारी, मनीष पांडे ,दीपक त्रिपाठी ,सहित सैक?ों सदस्य शामिल रहे।

# विंध्य विज्ञान मेला 2023 में बच्चों ने किया वैज्ञानिक क्षमता को प्रदर्शित अंतरिक्ष विज्ञान के माडलों का रहा बोलबाला






पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।** जिला प्रशासन रीवा के सहयोग तथा एवं जेएनसीटी इंजीयरिंग कालेज के संयुक्त तत्वाधान में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित कला उत्सव के तृतीय दिन, विगत वर्ष की भाँति विंध्य विज्ञान मेला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान मेले में रीवा जिले के 20 से अधिक स्कूल के 150 छात्र छात्राओं ने प्रोजेक्ट एवं मॉडल बनाकर अपनी वैज्ञानिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करना था बच्चों ने अंतरिक्ष विज्ञान , पर्यावरण, तकनीक आधारित विषयों पर प्रोजेक्ट का निर्माण कर उनका प्रदर्शन और प्रस्तुति की। विंध्य विज्ञान मेले में मुख्य अतिथि रही डॉ आरती सक्सेना प्रध्यापिका मॉडल साइंस कालेज रीवा, एवं मुख्य वक्ता रही डॉ आरती तिवारी जी, इन्होंने बच्चों के बनाये प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों की हौसला आफजाई करते हुए प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी एवं अविष्कार फाउंडेशन को इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा को आगे लाने के लिए ऐसे आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया , विंध्य विज्ञान मेले में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे वरिष्ठ समाजसेवी श्री परमजीत सिंह डंग, श्री पवनधर द्विवेदी, श्री हेमंत चुंगवानी, श्री सुधाकर जायसवाल उपस्थित रहे श्री सिंह ने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों को अपनी सोच निखारने का अवसर मिलता है वह एक दूसरे से मिलते हैं इससे उनके नवाचार के विचारों का आदान-प्रदान होता है उनका हौसला बढ़ता है,सीखने की ललक भी जगती है प्रतिभावान बच्चे आगे चलकर प्रांत, क्षेत्र और अखिल भारतीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। निरीक्षण कमेटी मे छ्ब्हष्ट्ब्ज्ञ कॉलेज से उपस्थित श्री दीपक पांडे, एवं फिजिक्स अध्यापक अविनाश मिश्रा ने विंध्य विज्ञान मेले को सफल बनाने में अविष्कार फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री राजेश शर्मा, सचिव अरविंद शर्मा एवं अंशुमान गुप्ता, प्रिया चतुर्वेदी , लक्ष्मी एजुकेशन से सोनाली श्रीवास्तव नीलान्जना पांडेय, सुदिशा फाउंडेशन से निशा जायसवाल, वेल विश इन्फोटेक के मोहित त्रिपाठी के प्रयासों की सराहना की। प्रदर्शनी में प्रथम,द्वितीय,एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया । कार्यक्रम का सफल संचालन श्री नीलेश श्रीवास्तव जी ने किया

**छात्राओ के मारी बाजी** - प्रथम स्थान में महाराजा पब्लिक स्कूल की छात्र छात्राओं के समूह मीनाक्षी, श्रेया,शृष्टि, अन्विता, अंशिका, मितांशा, अक्षत को अंतरिक्ष विज्ञान के भव्य मॉडल प्रोजेक्ट पर मिला, द्वितीय स्थान पर इंडिगो ग्लोबल स्कूल रीवा के छात्र देवांश द्विवेदी के वेस्ट वॉटर क्लीनिंग मैनेजमेंट मॉडल एवं तृतीय स्थान पर वंडर पब्लिक स्कूल की छात्राओं को बारिश के पानी से बिजली बनाने के मॉडल को मिला। साथ ही विशेष पुरुष्कार में बाल ज्योति अकादमी गुढ़ की छात्राओ को चंद्रयान मॉडल के लिए दिया गया,। साथ ही अन्य विद्यालय के 15 छात्र छात्राओ को सांत्वना पुरस्कार मे पुरस्कृत किया गया, । उपस्थित स्कूलों के छात्र रहे तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल , विद्या वन पब्लिक स्कूल, स्यत्त विद्यापीठ सिलपरा, वेदांता पब्लिक स्कूल, गीतांजलि पब्लिक स्कूल, महर्षि वाल्मीकि हायर सेकेंडरी स्कूल, श्रवण कुमारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एवं एवं अन्य कई विद्यालयों के छात्र शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### व्यापारी संगठनों एवं औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों की बैठक सपन्न

## लोकतंत्र के उत्सव में अधिक से अधिक मतदान के लिये पात्र मतदाताओं के प्रेरित करें - जिला निर्वाचन अधिकारी



पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले के मतदान का प्रतिशत बड़ाने के उद्देश्य से पात्र मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने तथा उनसे अनिवार्यतः मतदान कराने हेतु स्वीप गतिविधि अन्तर्गत व्यापारी संगठनों एवं औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों की बैठक सपन्न हुई। मतदाता जागरूकता अन्तर्गत आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि लोकतंत्र के उत्सव में अधिक से अधिक मतदान के लिये मतदाताओं को जागरूक किया जाय तथा औद्योगिक इकाईयों व व्यापारी संगठन अपने यहां काम करने वाले श्रमिकों व कर्मचारियों को अनिवार्यतः मतदान करने हेतु प्रेरित करे

## आज ली जाएगी राष्ट्रीय एकता की शपथ

पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। जिले भर में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभी जिला स्तरीय कार्यालयों, जनपद कार्यालयों तथा विकासखण्ड स्तर के सभी कार्यालयों में प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय एकता की शपथ ली जाएगी। जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस में रन फार यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। अपर कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

## नेशनल लोक अदालत 9 दिसंबर को आपसी सुलह से होगा प्रकरणों का निराकरण

पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 9 दिसंबर को जिला न्यायालय परिसर रीवा तथा तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई के लिए खण्डपीठों का गठन किया जायेगा। जिनमें प्रकरणों की सुनवाई के लिए पीठासीन अधिकारी तथा उन्हें सहयोग देने के लिए अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रहेगे। लोक अदालत में बीमा, विद्युत मण्डल, नगर निगम, दुर्घटना बीमा, श्रम, बैंकों से संबंधित मामले सहित विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई करके निराकरण किया जाएगा।

# इंजी. राजेन्द्र शर्मा को विजयी बनाने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं की शहर में चुनावी रणनीति



पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। रीवा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी इंजी. राजेन्द्र शर्मा को विजयी बनाने हेतु चुनावी रणनीति पर पुरजोर चर्चा करने हेतु आज शहर कांग्रेस कमेटी, रीवा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पुतरी, टिकुरी, भांटी, पुरैना, इटौरा में बैठक एवं सभाएं आयोजित हुई। बैठकों के अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष श्री विमलेन्द्र तिवारी ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में अब्दुल शहीद मिस्त्री व शहर कार्यवाहक अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह नीरज एवं पूर्व पार्षद विनोद शर्मा व ब्लॉक अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह रहें। विमलेन्द्र तिवारी जी ने कहा कि कमलनाथ जी के 11 वचन में महिलाओं को सम्मान देने की बात कहीं गई है जिसमें कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही महिलाओं को 1500 रू. प्रतिमाह दिये जाएंगे वहीं 500 रू. में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां पर पास में ही पहड़िया का कचरा डम्पिंग प्लांट स्थापित किया गया है किन्तु रीवा जिले का एक भी युवा यहाँ पर रोजगार नहीं पा सका। कमलनाथ जी की सरकार बनते ही मध्यप्रदेश के उद्योगों में युवाओं का 70 प्रतिशत आरक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने वर्ष 2016 की बाड़ की याद दिलाते हुए कहा कि जब रीवा में बाड़ आई थी तब लक्ष्मणबाग की गौशाला में सैकड़ों गाय बंधी हुई थी उन गायों को उसी हालत बंधा छोड़ दिया गया और वे बाड़ के पानी में डूब कर मर गईं ऐसा घिनौना कृत्य भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने किया ऐसा इनका प्रबंधन था। क्या उन गांयों को बचाने के उपाय इनके पास नहीं थे। वर्ष 2018 में जब कमलनाथ सरकार बनी तो उन्होंने 1000 गौशालाएं पूरे प्रदेश में बनाई व प्रतिवर्ष 1000 नई गौशालाए बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया। जैसा कि आज छत्तीसगड़ सरकार ने अभिनव योजना के तहत काम कर रही है। जिसमे 2 रू. प्रति किलो गोबर खरीदने का प्रावधान रखा गया है। किन्तु वर्ष 2020 में भाजपा सरकार बनने के उपरांत उन गौशालाओं को बंद कर दिया गया है और आज आम जन ऐरा पशुओं से परेशान हो गया।बैठक में प्रमुख रूप से चंद्रमणि शुक्ला, सत्यनारायण तिवारी, सत्यनारायण चतुर्वेदी, बृजेन्द्र शुक्ला, सुनील कुशवाहा, संजू रजक, सुरेश यादव, रमेश यादव, अतुल मिश्रा, अखण्ड तिवारी, छोटे यादव,



प्रहलाद मिश्रा, संजय पाण्डेय, आनंद शुक्ल, एवं प्रदीप शर्मा के साथ मण्डलम्, सेक्टर व बी.एल. उपस्थित रहे। शहर कांग्रेस कमेटी रीवा द्वारा वार्ड क्रं. 33 एवं 20 में शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल के नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी इंजी. राजेन्द्र शर्मा का डोर टू डोर प्रचार किया गया है, जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष वसीम राजा, संगठन मंत्री सज्जन पटेल, पार्षद नजमा बेगम, मुस्तहाक खान, राजेश नामदेव, श्यामू वर्मा, सोहन सिंह, दिलीप ठारवानी, जाकिर हुसैन, रफीक खान, मुमताज अहमद, राहुल सिंह, मयंक वर्मा, राजू भारती, तारिक खान, आसिमा बेगम, सहिदुन्निशा बेबी, साजिदा बेगम, रूबी बेगम, सहित कई कांग्रेस मण्डलम्, सेक्टर एवं बी.एल.ए. उपस्थित रहें।

### कलेक्टर ने 15 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

# कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 15 अपराधियों को हुए जिला बदर के आदेश

पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा।. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 15 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। विधानसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 ख के तहत एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं। इन 15 आदतन अपराधियों द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने, मारपीट, गुण्डागर्दी, गाली गलौज, अवैध शस्त्रों के उपयोग, लोगों को डराने-धमकाने तथा अन्य आपराधिक कृत्यों के कारण यह कार्यवाही की गई है। बार-बार समझाइश के बावजूद इन अपराधियों के आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की



गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। री अलग-अलग आदेशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने सिंपल सिंह उर्फ सत्यनारायण सिंह निवासी बेलवा सुरसरी सिंह थाना सिरमौर, आशीष उर्फ प्रमोद टिह्ल निवासी खैरहन थाना सिरमौर, श्यामलाल कुशवाहा उर्फ जद्दा निवासी खैरी नईबस्ती थाना चोरहटा, पंकज पटेल निवासी चंदेह थाना मनगवां, अनुराग मिश्रा उर्फ गोलू निवासी बांस थाना गड़, राजेश साकेत उर्फ छोटू निवासी मनगवां हाल निवास स्नेह पेट्रोल पंप के पीछे थाना विश्वविद्यालय, बाबूलाल वर्मा निवासी ग्राम हरदहन थाना अतरैला एवं नीरज उर्फ पिन्टू शुक्ला निवासी थाना अतरैला को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। सी प्रकार सुमित जायसवाल उर्फ छोटू निवासी करहिया गल्ला मंडी थाना चोरहटा, घिन्नू उर्फ कीमतराम कुशवाहा निवासी बैजनाथ थाना चोरहटा, विककांत उर्फ गोलू द्विवेदी निवासी भलुहा थाना रायपुर कर्चुलियान, सुल्तान उर्फ रमजान निवासी चिकान टोला थाना सिटी कोतवाली, नीरज साहू निवासी कटरा थाना सिटी कोतवाली, शनि उर्फ ललआ निवासी पोल फैक्ट्री निपनिया थाना सिटी कोतवाली एवं आशीष सिंह उर्फ लालू पटेल निवासी पद्मधर कालोनी ढेकहा थाना सिविल लाइन को एक वर्ष की अवधि के लिए जिले की सीमा से बाहर जाने का आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा दिया गया है।

# मेहगांव से प्रत्याशी राकेश शुक्ला के समर्थन में सांसद संध्या राय ने अमायान में किया जनसंपर्क

## विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत दिलाने के लिए मतदाताओं से मांगा समर्थन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मेहगॉव ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सदस्य भिण्ड-दतिया सांसद संध्या राय ने अमायान में अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत मेहगांव विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्व विधायक राकेश शुक्ला के समर्थन में मतदान करने की अपील की। श्रीमती राय ने शहर में जनसंपर्क करते हुए भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्थन मांग कर विधानसभा चुनाव में प्रचंड



जीत दिलाने के लिए मतदाताओं व्यापारियों एवं दुकानदारों के बीच पहुंचकर कहा कि विकास और प्रगति के लिए प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका हो। 17 नवंबर को होने जा रहे चुनाव में सभी मतदाता एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राकेश शुक्ला को प्रचंड बहुमत के साथ जीतकर अपना आशीर्वाद देकर उन्हें सेवा करने का अवसर प्रदान करें। भाजपा सांसद संध्या राय के साथ जनसंपर्क में पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह चौहान, रघुराज सिंह सिकरवार सहित पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## गोहद विधानसभा लाल सिंह आर्य ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया

# आप मुझे आशीर्वाद दे कर जन सेवा का दायित्व सौंपे, विकास की गारंटी मेरी ये वादा है :लाल सिंह आर्य

**मोनू बाथम संवाददाता**
**पुष्पांजली टुडे**

गोहद । मैं अपनी विधानसभा क्षेत्र में आपसे वादा करता हूं कि यदि आपने मुझे अपना अमूल्य मत देकर विधानसभा तक पहुंचा क्षेत्र के विकास की गारंटी का वादा मैं आपसे करता हूं। श्री आर्य ने जनसंपर्क के दौरान नुक्कड़ समय को संबोधित करते हुए कहा यह कांग्रेस अपना चुनाव भी झूठा घोषणा पत्र लेकर आई इससे पहले 2018 के विधानसभा चुनाव में लेकर आई थी उनके पास कोई भी विकास की नीति नहीं मात्र जनता को झूठ बोलकर भ्रमित कर रही है। श्री आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गरीब कल्याणकारी



योजनाओं के माध्यम से भारत और प्रदेश को आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ने का काम करती है। और कांग्रेस हमारी चलाई गई योजनाओं को बंद करने का। हम जोड़ने की बात करते है और वे तोड़ने की। सोमवार को श्री आर्य ने मतदाताओं के घर-घर दस्तक देते हुए कहा कि आपने मुझे आशीर्वाद दिया विधायक नहीं जनसेवक बनकर आपके सुख- दुख में हमेशा खड़ा रहूंगा गोहद के विकास को आगे बढ़ने का पूर्ण रूप से कार्य करेंगे। कांग्रेस के पास कोई नीति नहीं की 15 माह की कांग्रेस की सरकार ने गोहद के विकास को रोककर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया। भाजपा की सरकार में सैनिक स्कूल मालनपुर को नगर पर पंचायत से नगर परिषद का दर्जा देकर विकास को आगे बढ़ने का कार्य किया है। अपने-अपने बूथ केंद्रों पर भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाकर मुझे जन सेवा की जिम्मेदारी सौंपकर विकास को आगे बढ़ाने यह मुझे आशीर्वाद प्रदान करें। सोमवार को लाल सिंह आर्य ने शेरपुर, कचनपुर, रायतपूरा ग्राम मे जनसम्पर्क किया।

## 17 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र किए जमा रैलियों के रूप में पहुंचे प्रत्याशी

# 100 मीटर के दायरे में पांच ही लोगों को जाने दिया नामांकन पत्र दाखिल करने,उमाकांत के नामांकन में लक्ष्मीकांत के नारे लगे, तस्वीरें लहराई,रैली निकाल कर संसद राज बहादुर सिंह के साथ भाजपा प्रत्याशी ने जमा किया पर्चा



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** आज नामांकन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख थी तो वहीं प्रत्याशियों ने रैलियों के रूप में प्रत्याशी तहसील कार्यालय पहुंचे रिटर्निंग अधिकारी हर्षल चौधरी को अपने-अपने नामांकन पत्र जमा किए। सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए गए। कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी ने शुभ मुहूर्त में पहले ही अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया था। वही आज जमा हुए नामांकन पत्र जिसमें उमाकांत शर्मा भारतीय जनता पार्टी से समाजवादी पार्टी से असलम गोरी आम आदमी पार्टी से ईसम सिंह मौर्य गब्बर सिंह आजाद समाज पार्टी काशीराम अखिलेश कुमार जैन सपाक्स पार्टी तोष मनी पंथी बहुजन समाज पार्टी लक्ष्मी नारायण निर्दलीय मनीष कुमार गुप्ता निर्दलीय फूल सिंह निर्दलीय पूरन सिंह निर्दलीय मनोज निर्दलीय कप्तान सिंह नेशनल वर्ल्ड लीडर पार्टी हेमंत सिंह कुशवाहा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र जमा किया वही रैली के रूप में भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के नामांकन दाखिले के दौरान पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के नारे लगे और उनके पोस्टर लहराए। करीब 3 घंटे तक शहर में निकाली रैली में लक्ष्मीकांत शर्मा छाए रहे। वह उमाकान्त शर्मा के लिए उनकी तस्वीर को अपने हाथ मे थामकर उनका प्रतिनिधित्व करते नजर आए। इसके बाद सांसद राज बहादुर सिंह के साथ उमाकांत शर्मा ने अपना पर्चा जमा किया।छत्री चौराहे से रैली के साथ नामांकन जमा करने जा रहे भाजपा प्रत्याशी के पीछे चल रहे कार्यकर्ताओं और जनता अपने नेता पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के पोस्टर हाथ मे थामें लहरा रहे थे। रैली शुरू होने के पहले हजारों की संख्या में उमड़े जनसमूह की सभा को संबोधित करते हुए उमाकान्त शर्मा ने कहा कि यह चुनाव उमाकांत शर्मा नही बल्कि आप सब मेरे भाई लक्ष्मीकांत शर्मा बनकर लड़ रहे है। आज भले भी वह हमारे बीच नही है लेकिन उनका आशीर्वाद हमारे साथ है। भाजपा के नेता रमेश यादव ने कहा कि हम सबको लक्ष्मीकांत शर्मा बनकर सिरोंज लटेरी क्षेत्र की चिंता करने वाले उनकी परछाई के रूप में काम करने वाले उमाकांत शर्मा की उंगली पकड़कर चुनाव लड़ाना है। इस दौरान सांसद राजबहादुर सिंह के साथ कुरवाई के पूर्व विधायक वीर सिंह पंवार,रघुनाथसिंह रघुवंशी, सहित जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

**कांग्रेस प्रत्याशी के भाई ने किया स्वागत**-कस्टम कठाली, चाँदनी चौक, राजबाजार,सुभाष नगर से होते हुए जनसैलाब का यह जुलूस जब बासौदा गेट पहुँचा तो यहाँ कांग्रेस प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंशी के ताऊ पूर्व मंडी अध्यक्ष लटेरी के पुत्र वीरेंद्र ने रघुवंशी समाज के बैनर तले प्रतिष्ठित नेताओ ओर परिवारों के साथ विधायक उमाकांत शर्मा का स्वागत सम्मान कर अपना समर्थन प्रदान किया।

**पुरुषों के साथ लाडली बहनाएँ भी हुई शामिल**-बाजार में हजारों सँख्या में उमड़े जनसमुदाय और कार्यकर्ताओं के साथ आशीर्वाद रैली में पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा का चित्र हाथों में थामकर उत्साह पूर्वक



नारेबाजी करते हुए काफी सँख्या में लाडली बहनों के रूप में महिलाएं भी शामिल हुई। रैली में कार्यकर्ताओं के उत्साह के कारण जुलूस को पूरा होने में अधिक समय होने के कारण नामांकन जमा के लिए वलेजा पेट्रोल पंप से 3 बजने के पहले उमाकांत तहसील परिसर पहुँचे ओर सांसद राजबहादुर सिंह की मौजूदगी में अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष जमा किया।

**हजारों की संख्या में कार्यकर्ता जगह जगह स्वागत**- छतरी चौराहा से प्रारंभ हुई रैली में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथों में लक्ष्मीकांत शर्मा की तस्वीर लेकर उमाकांत जी तुम राज करो हम तुम्हारे साथ है के नारो के साथ कस्टम कठाली चांदनी चौक होते हुए तहसील पहुंचकर नामांकन इस दौरान अनेक जगह कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा का जगह स्वागत किया

## डॉ. नरोत्तम मिश्रा की नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क

# कांग्रेस का खिलाने में नही केवल खाने में विश्वास : डॉ. नरोत्तम मिश्रा





**संदीप प्रधान**
**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** जो कांग्रेस का चरित्र है वही यहां के कांग्रेस प्रत्याशी का भी है, दोनों केवल खाने में विश्वास रखते है खिलाने में नही। उन्हें गरीब,किसान,महिला सम्मान कि न पहले चिंता थी न अब है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस एक धोखेबाज पार्टी है। उसे गरीब, किसान ,महिला सम्मान से कोई लेना देना नही है। कांग्रेस व यहां कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र भारती कि कि मानसिकता एक जैसी है यह खाने में विश्वास करते है खिलाने में नही। कांग्रेस ने गरीब, मजदूर, महिला किसी के लिए ऐसी कोई योजना नही बनाई जिससे इनको दो वक्त की रोटी मिल सके, इनका जीवन बदल सके। बल्कि इनके नाम पर कांग्रेस ने 60 साल तक खुद खाया, नेताओ ने अपनी जेबें भरी।डॉ. मिश्रा ने कहा कि यहां के कांग्रेस प्रत्याशी भारती जी भी इसी मानसिकता के है। दतिया के विकास, गरीब कल्याण के आज तक कुछ नही किया। उन्होंने कभी ऐसा कोई धर्मिक या सामाजिक आयोजन भी नही किया कि साल में एक बार भी दतिया वालो को भोजन के लिए आमंत्रित कर सके।

**कांग्रेस का काम केवल झूठ बोलना, भ्रम फैलाना**-डॉ. मिश्रा ने कहा कि राजेन्द्र भारती जी यहां 10 साल विधायक रहे उनके पिता जी 25 साल विधायक रहे, लेकिन इन 35 सालों में उन्होंने दतिया के लिए कुछ नही किया। मुझे 15 साल मिले मेने दतिया कि तस्वीर बदलने के किये रात दिन एक कर दिया। आज का दतिया विकास कि उ?ान भरता दतिया है।अब इसे आपके सपनो का दतिया बनाना है। डा. मिश्रा ने कहा कि आप कांग्रेस के झूठ व भ्रम में फंस जाते है। कांग्रेसी जब यह झूठ बोलते है कि भाजपा को जिताया तो यह संविधान बदल देंगे तो आप विश्वास कर लेते हो। फिर दूसरा चुनाव आता है तो बोलने लगते है कि भाजपा को जिताया तो आरक्षण खत्म कर देंगे आप फिर विश्वास कर लेते हो ऐसे ही झूठ बोलकर वह भ्रम फैलाते है और उसमें कई लोग फस कर गलत आदमी को वोट दे देते है। इस बार भी कांग्रेस प्रत्याशी आयंगे मुझे गाली देंगे और फिर नया झूठ का मायाजाल फैलाएंगे। लेकिन मैं आपको पहले ही सचेत कर रहा हूं इनके भ्रम में अब आपको नही फंसना है। भाजपा को जिताने के लिए कमल के निशान पर ही वोट डालना हैभाजपा प्रत्याशी व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का अपने विधानसभा क्षेत्र के गाँवो में धुंआधार चुनाव प्रचार जारी है। सोमवार को भी डॉ. मिश्रा ग्राम मकोनी,ग्राम खेरी सहित अन्य गाँवो में पहुँचे और नुक्कढ़ सभाएं ली।

## जवाली में 14 नवंबर से होगी क्रिकेट प्रतियोगिता

# ग्रामीण क्षेत्र से टीमें लेगी भाग समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

जवाली रानी उपखंड के ग्राम पंचायत जवाली में महाराणा प्रताप स्पोर्ट कल्ब के बैनर तले 14 नवंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 2 का जब आगाज होगा । महाराणा प्रताप स्पोर्ट कल्ब ने जानकारी दी की 14 नवंबर से महाराणा प्रताप क्रिकेट मैदान बिजली घर ( जीएसएस ) के पास प्रतियोगिता का आयोजन होगा । जिसमे जवाली ठाकुर साहब रघुवीर सिंह मेड़तिया , सरपंच जुगराज जैन , उपसरपंच महेंद्र सिंह राजपुरोहित अतिथि होगे ।प्रतियोगिता में नियम शर्तो के लिए पत्रक में संपूर्ण जानकारी दी गई है । प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों की टीमें ही भाग लेगी । प्रतियोगिता को लेकर कमेटी के सदस्य व ग्रामीण तैयारी में जुटे हुए है

# भाजपा प्रत्याशी जोरा राम कुमावत बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

**रानी पाली।** चाचोड़ी। भारतीय जनता पार्टी सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी जोरा राम कुमावत अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक नवम्बर को नामांकन दाखिल करेंगेसुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र से खोड भाजपा मंडल अध्यक्ष हुक्म सिंह राजपुरोहित ने संयुक्त रूप से बताया की पार्टी प्रत्याशी कुमावत नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले भेरू चौक स्थित विशाल जन सैलाब को संबोधित कर पूजा अर्चना के साथ आशीर्वाद लेते हुए विधानसभा चुनाव का शुभारंभ करेंगे।

**पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रैली के साथ नामांकन पत्र दाखिल करेंगे**-सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संगठन के विभिन्न मोर्चा अध्यक्ष के साथ पदाधिकारी कार्यकर्ता नामांकन की रैली को सफल बनाने के लिए दिन-रात प्रयास किया जा रहा है। । खोड भाजपा मंडल मंडल के अधीन चा चोड़ी किरवा खोड नादाना बूसी से कईभाजपा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्षों ने सभी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं एवं सभी जनप्रतिनिधि पार्टी कार्यकर्ताओं देव दुर्लभ जनता से आग्रह किया है। भेरू चौक स्थित प्रातः 10 बजे एकत्रित होकर भाजपा भाजपा के विजय होने का आशीर्वाद प्रदान करें।

## अटेर विधानसभा में डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने किया जनसंपर्क

# मैंने अपने कार्यकाल में अटेर क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया :डॉ अरविंद सिंह भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कांग्रेस के 75 वर्ष और मेरे 5 वर्ष का हिसाब लगा लीजिए कि सबसे ज्यादा विकास भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है या कांग्रेस ने मैंने अपने कार्यकाल में 5000 से अधिक करोड़ रुपए के विकास कार्य कर कर अटेर को विकास की दिशा से जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि किसानों की प्रमुख समस्या कनेरा उद्धावन सिंचाई योजना जो कि कांग्रेस की सरकारों में बंद पड़ी थी जनता की मांग थी मैंने उसको आगे बढ़ते हुए भारत सरकार से एनओसी प्रदेश सरकार में कैबिनेट में इस योजना को स्वीकृत करते हुए जिसका कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा और सीधे किसानों के खेत में पानी पहुंचाया जाएगा( जिससे कई हजार एकड़ जमीन किसानों की संचित की जाएगी। ये कहना है अटेर से विधायक रहे पूर्व मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया का। श्री भदौरिया ने कहा कि कांग्रेस झूठे वादों से चुनाव जीतना चाहती है और मैं विकास का लेखा जोखा आपके साथ लेकर आया हूं आपका बेटा आपका जनसेवक आपके मन और सम्मान अटेर के विकास और प्रगति और सुरक्षा के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगा आप 17 नवंबर को प्रत्येक पोलिंग बूथ से भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलकर भोपाल पहुंचे मैं आपको विश्वास दे दिलाता हूं आपके सुख को दुख में हमेशा खड़ा रहूंगा।अटेर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत ने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर 17 नवंबर को होने जा चुनावी महासमर में भाजपा को जितने एवं अटेर से भाजपा का कमल खिलाने के लिए सर्व समाज के मतदाताओं के बीच पहुंचकर जनसंपर्क से समर्थन मांगेंगे और जनता का आशीर्वाद ग्रहण किया। ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर जनसंपर्क के माध्यम से अटेर के विकास कार्य को जनता के बीच रखकर जन सेवा के लिए फिर भाजपा को जीतने के लिए मांगा समर्थन।सोमवार को श्री भदौरिया ने कुंदन सिंह का पूरा किन्नौठा नंदौरी, जिन्द की गढिया,भगत की गढ़िया, कच्छ पूरा, कोट, टोला चरी,अटा का डाड़ा घना की गड़िया मदे की गडिया,बाबा की गढ़िया पिलाडांडा के प्रत्येक घर-घर में जनसंपर्क के माध्यम भाजपा को जीतने के लिए मतदाताओं से संपर्क से समर्थन मांगा।जनसंपर्क के दौरान जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा मंडल अध्यक्ष एवं विधानसभा संयोजक शैलेंद्र पालीवाल थान सिंह भदौरिया शाहिद पार्टी के अनेक पद अधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायतों जनता एवं ग्रामीण जन काफी संख्या में शामिल हुए और घर-घर में जनसंपर्क के अभियान के माध्यम से पार्टी के लिए समर्थन मांगा और वही लाडली बहना की महिलाओं ने भी ऐतिहासिक स्वागत किया।

# आपके मान और सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा- नारायण सिंह



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** ग्वालियर दक्षिण विधानसभा से



भाजपा प्रत्याशी श्री नारायण सिंह कुशवाह

ने सोमवार को दक्षिण विधानसभा के वार्ड-35 के जनकगंज क्षेत्र में अपना जनसंपर्क किया और लोगों से भाजपा के समर्थन में मतदान करने की अपील की। इस दौरान श्री कुशवाह ने कहा कि 17 नवंबर को होने वाले चुनाव में क्षेत्र के विकास और प्रकृति के लिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपना अमूल्य वोट देकर विजयी बनाएं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपका मान और सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।भाजपा प्रत्याशी श्री आर्य का ग्रामीण क्षेत्रों में सर्व समाज के मतदाताओं ने आशीर्वाद देते हुए पुष्प मालाए पहनकर स्वागत किया। जनसंपर्क में काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन मौजूद थे।इस अवसर पर सांसद श्री विवेक शेजवलकर, जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी, लालजी जादौन, जिला महामंत्री विनय जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता जंगबहादुर सिंह तोमर, गौरव वाजपेयी, भारत शाक्य, सतेंद्र तोमर, सुघर सिंह पवैया, मनोज भार्गव, अन्नू तोमर, अमित सूरी, श्री सुधीर गुप्ता, श्री निखिल विजयवर्गीय, ओमप्रकाश धनोल, चेतना तोमर, गिरिजा गर्ग, गौरव कुलश्रेष्ठ, विपिन विहारी गोयल सहित कई कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड अपनी विधान सभा क्षेत्र में किया जनसम्पर्क

# आप एक बार फिर जीत का रिकॉर्ड बनाइए और भाजपा विकास का रिकॉर्ड बनाएगी : प्रद्युम्न सिंह





दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** ग्वालियर में जो बदलाव आ रहा है, वह आपके विश्वास और भाजपा सरकार पर भरोसे का ही प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकास और विश्वास का चुनाव है। यह चुनाव ग्वालियर उप नगर के युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने का चुनाव है। इस चुनाव में प्रद्युम्न सिंह तोमर नहीं, बल्कि ग्वालियर का एक-एक नागरिक प्रत्याशी है।उन्होंने कहा कि एक बार फिर आप जीत का रिकॉर्ड बनाइए और भाजपा विकास का रिकॉर्ड बनाएगी। जीत का संकल्प दिलाते हुए उन्होंने कहा कि, 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में, कंधे से कंधा मिलाकर कमल के फूल पर वोट डालकर भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करेंगे ये कहना है ग्वालियर - 15 ,विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का। श्री तोमर ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड 5 में जनसंपर्क किया। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने विधान सभा क्षेत्र के वार्ड 5 स्थित नव ग्रह मंदिर बहो?पुर में पूजा-अर्चना कर जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद आनन्द नगर ए ब्लाक, ब्लाक बी और सी ब्लाक, राजपूत वाली गली, मोनू शर्मा वाली गली, समर्थ स्कूल के पास वाली गली, राजेश शर्मा की गली, गौरीशंकर धाक? की गली, कैलाश सिंह तोमर की गली, गिर्राज पार्क तथा तिकोनिया पार्क में नुक्कड़ सभाएं ली व ग्वालियरवासियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा कोटेश्वर मंडल के अध्यक्ष प्रयाग सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार सिंह परिहार, रामनिवास सिंह तोमर, प्रमोद सिंह तोमर, दीपक सिंह चौहान, प्रवीण जयसवाल, रामनरेश यादव, लखन राठौर, पवन सिंह भदौरिया, रोबिन शर्मा, श्याम गौ?, कैलाश सिंह तोमर, डीसी शाक्य, महेश यादव, रघुवीर राय, परवेज कुरैशी, शकुंतला परिहार, रमेश पंडित, माखन यादव, जितेन्द्र राजपूत, मुलायम सिंह यादव, अभिषेक हर्षाना तथा शेरु परमार सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे।

# जो आपके बीच संकट में कभी नहीं आए ,वे आज वोट मांगने आ रहे हैं ऐसे लोगों को घर बैठाए: विधायक डा.सिकरवार

### महापौर और पूर्व विधायक ने भी किया जनसंपर्क

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा है कि भाजपा जनता को असली मुद्धों से भटकाने एवं भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है। विकास व प्रगति के साथ मंहगाई, बैरोजगारी और भ्रष्?टाचार पर बात नहीं कर रही है। आम जनता लगातार बढ रही मंहगाई से परेशान है और भाजपा ने जनहित के मुद्धों पर आंख और मुंह बंद कर लिया है। एक मात्र कांग्रेस पार्टी है जो सर्वहारा वर्ग के उत्थान के साथ गरीब कल्याण की बात करती है। विधायक डॉ. सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 21 के बैंक कॉलोनी श्रीनिवास गुर्जर के घर से जनसंपर्क प्रारम्भ कर संपूर्ण बैंक कॉलोनी एवं कृष्णा नगर की विभिन्न गलियों में आम लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि आप के दुख-सुख में और मान-सम्मान करने में कौन आपके साथ खडा रहता है। यह सब आप सबको देखना होगा। जनता के बीच कभी भी संघर्ष नहीं करने वालों को आप आराम से घर बैठाने का काम करें। जनता की हर समस्या का निराकरण करने के लिए जीवन की आखरी सांस तक में संघर्ष करता रहूँगा। आपका स्नेह और आर्शीवाद से मुझे ऊर्जा प्राप्त होती है और मैं आपकी लडाई लड़ने में स्वंय को सक्षम पाता हूॅ। जो आपके बीच कभी न आया हो, अब ऐसे लोग वोट मांगने आएंगे, तो ऐसे लोगों को सबक सिखाने का काम आप सबको करना है। कुछ लोग हैं जो सिर्फ चुनाव से अपना



उल्लू सीधा करने के लिए नजर आते हैं, मगर इन्हें आप हमेशा के लिए घर बैठाएं, ताकि उन्हें पता चले की मौका-परस्तों का जनता साथ नहीं देती है। आपका एक-एक



वोट ग्वालियर पूर्व की विकास यात्रा को आगे बढाने का काम करेगा। इसके साथ महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 57 के बीजासेन मौहल्ला, यादव कॉलोनी, कुशवाह मौहल्ला, तांगा स्टेण्ड, पुरूवियों का मौहल्ला, आरा मिल एवं आस-पास की गलियों में, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू', सत्यप्रकाश सिकरवार एवं आदित्य सतीश सिकरवार ने भी कई वार्डों में घर-घर पहुँचकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क में संगठन मंत्री सुरेंद्र यादव, सीमा समाधिया, कार्यकारी अध्यक्ष चर्तुभुज धनोलियां, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपौरिया, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शिवहरे, पार्षद प्रमोद खरे, सुरेन्द्र साहू, अंकित कट्ठल, के.के. शर्मा, श्रीनिवास गुर्जर, डॉ. कमलेश इंदौरिया, सुनील रमपुरिया, विजय बहादुर त्यागी, गिरिश गुप्ता, दिनेश बरैया, राघव कौशल, धीरज नागर, गजेन्द्र कुशवाह, राजेश यादव, राजेश शर्मा, रामकिशन शर्मा, लाखन गुर्जर, जहान सिंह तोमर, कुलदीप तोमर, बबलू सोन, गिर्राज शर्मा, राजेश तोमर, उपेंद्र शर्मा, गौरव सिकरवार, ओ.पी. प्रजापति, रेखा जाटव, गुड्डी परिहार आदि मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी मोहन सिंह राठौर ने भितरवार विधानसभा क्षेत्र में किया कई गांवों में सघन जनसंपक

# सरकार ने गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है : मोहन सिंह राठौड़

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर**।भितरवार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी श्री मोहन सिंह राठौर ने सोमवार को भितरवार विधानसभा के ग्राम केथी, सेखुपुर, ब?की सराय में अपना जनसंपर्क किया और ग्रामीणों से भाजपा के समर्थन में मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान सिख समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा भाजपा प्रत्याशी श्री मोहन सिंह राठौर जी का स्वागत किया



इस अवसर पर श्री राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकालकर विकसित प्रदेश बनाया है। भाजपा राज्य सरकारों ने गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। इसलिए एक बार फिर से पुनः मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें।



**कई कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता**-इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की जनहितैषी योजना से प्रभावित होकर श्री जागीर सिंह सरदार, जगजीत सिंह सरदार, श्री बलन्दर सिंह सरदार, श्री सरजीत सिंह सरदार, श्री धर्म सिंह सरदार, श्री कुलवंदर सिंह सरदार, श्री प्रीतम सिंह सरदार, श्री सतपाल सिंह सरदार, श्री हरप्रीत सिंह सरदार, श्री दिलबाग सिंह सरदार, श्री अभयजीत सिंह सरदार, श्री गुरप्रीत सिंह सरदार ने कांग्रेस छो? भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लीं एवं विधानसभा में इस वार कमल खिलाने का प्रण लिया। इस अवसर पर सरपंच, जनपद सदस्य एवं समस्त सिख समाज के कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं जनसेवक साथी सम्मलित रहे।



# आतिशबाज़ी की दुकानों में घपला: पहले थीं 205 दुकानें, 368 आए शपथ पत्र, लाटरी टली



ग्वालियर। व्यापार मेला में हर साल लगने वाली आतिशबाजी दुकानों को लेकर इस बार घपलेबाजी सामने आई है। हर साल मेला में जितनी संख्या में दुकानें लगतीं हैं, उससे कहीं ज्यादा संख्या में अस्थाई लाइसेंसधारकों ने नवीनीकरण के लिए शपथ पत्र दे दिए हैं, जिसमें लिखकर दिया है कि उन्होंने पिछली साल भी दुकानें लगाईं थीं। इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से होने के बाद सोमवार 30 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट में लाइसेंस नवीनीकरण के लिए होने वाली लाटरी को होल्ड कर दिया गया है। एसडीएम मुरार की ओर से इसकी जांच के लिए मेला प्राधिकरण की रसीद, फायर बिग्रेड की रसीद व नगर निगम से रिकार्ड मंगवाया गया है, जिससे स्थिति साफ हो सके। पिछले साल 2022 में 205 दुकानें लगाई गई थी और इससे पहले 268 दुकानें लगीं थीं। वहीं रविवार को अबता दें कि हर साल मेला में आतिशबाजी की अस्थाई दुकानें लगाई जातीं हैं और अब वर्तमान में अस्थाई आतिशबाजी लाइसेंसों की संख्या 390 है। 2007 में मेला मैदान में आतिशबाजी दुकानों में भीषण अग्निकांड हो गया था, उस समय 550 लाइसेंस जारी किए गए थे। इसी कारण प्रशासन धीरे-धीरे दुकानों की संख्या को कम करने के लिए लाइसेंस घटाता चला गया। औसतन मेला में दो सौ के लगभग दुकानें लगतीं हैं। पिछले साल तत्कालीन एसडीएम की ओर से चालीस लाइसेंस जारी किए गए थे। इस साल अब नवीन लाइसेंस एक भी जारी नहीं किया जा रहा है, लेकिन आवेदन आनलाइन पहुंचे हैं।

**मेला प्राधिकरण से आई जानकारी**-मेला प्राधिकरण की ओर से मेला सचिव ने मुरार एसडीएम को जानकारी भेजी है, जिसमें वर्ष 2021 में 268 कुल आवेदन, 2022 में कुल आवेदन 205 बताया गया है। वहीं मेला कार्यालय द्वारा काटी गई रसीद के आंकड़ों में 2021 में 268 रसीद व 2022 में 205 रसीद काटना बताया गया है।

# करवा चौथ से पहले बाजार में बढ़ी रौनक, जमकर की लोगों ने खरीदारी

**ग्वालियर** करवाचौथ के त्योहार से पहले बाजार में रौनक बढ़ गई है। मुरार के सदर बाजार से लेकर महाराज बाड़े तक बाजार में खरीदारों की भीड़ देखी गई। असल में करवा चौथ के त्योहार पर व्रत रख पति की दीर्घायु की कामना से पहले महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। यही नहीं ब्यूटी पार्लर से लेकर सजने-संवरने को कास्टमेटिक का सामान की खूब बिक्री हुई। आगामी एक नवंबर को करवा चौथ का त्योहार मनाया जाएगा, जिसको लेकर बाजार में दुकानदारों ने सामान का स्टाक कर रखा है। बाजार में महिलाओं की भीड़ बता रही है कि इस बाकरवाचौथ के त्योहार पर महिलाएं सजने संवरने पर काफी ध्यान देती है, इसलिए करवा चौथ से पहले कास्मेटिक और कपड़ा बाजार में महिलाओं की भीड़ बढ़ गई। बाजार में महिलाओं के साज-सज्जा के लिए जगह-जगह दुकानें लग गई हैं। बाजारों में कपड़ों से लेकर महिलाओं की जरूरत का सभी सामान उपलब्ध है। पति की दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिनें इस दिन उपवास रखती है। करवा चौथ महिलाओं के लिए बेहद खास पर्व होता है। बाजार में महिलाओं के श्रृंगार के नए-नए डिजाइन के सामान आ चुके हैं। इसी तरह से साड़ी के शोरूम पर भीड़ लगी हुई है, जहां महिलाएं डिजाइनर साड़ी और लहंगे पसंद कर रही हैं तो वही पुरुष डिजाइनर कुर्ते पायजामे और हाफ जैकेट पसंद कर रहे हैं।करवा चौथ पर पत्नी जहां पति की दीर्घायु की कामना करती है।



### माया सिंह ने किया ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

# माया सिंह ने लोगों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये आग्रह किया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर ।** भारतीय जनता पार्टी की ग्वालियर पूर्व की प्रत्याशी माया सिंह ने सोमवार को द्वारिकाधीश कॉलोनी से जनसंपर्क की शुरुआत की उसके बाद कुवंरपुरा, सुरेश नगर की विभिन्न गलियों से होते हुये ठाटीपुर तक किया। जनसंपर्क के दौरान पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथ रहे, जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी माया सिंह के साथ घर-घर जाकर उनके लिए वोट मांगे। भाजपा प्रत्याशी माया सिंह के द्वारा भी लोगों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये आग्रह किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाउपाध्यक्ष रामेश्वर भदौरिया, मण्डल अध्यक्ष उमेश भदौरिया, पार्षद अनिल त्रिपाठी, अशोक जादौन, नरेश सिकरवार, पुष्पा तोमर, अंगूरी बाई, पूर्व पार्षद शिवराम जाटव, पूर्व पार्षद पुरूषोत्तम टमोटिया, पूर्व पार्षद पोहप सिंह जाटव, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीतेश शर्मा एवं भारी संख्या में संगठन व प्रशंसक मौजूद रहे। इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी माया सिंह के समर्थन में पूर्व मंत्री ध्यानेन्द्र सिंह व पुत्र पीताम्बर प्रताप सिंह जनसंपर्क कर वोट मांगा ।

# जिला अस्पताल में सामान शिफ्ट किया, अगले दो दिन में भर्ती होंगे मरीज



**ग्वालियर** जिला अस्पताल का भवन लगभग बनकर तैयार है, जितना हिस्सा भवन को पूरी तरह से तैयार हो चुका है उसे जिला अस्पताल प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने सामान की शिफ्टिंग भी शुरू कर दी है। वार्ड में पलंग, गद्दे डाले जा चुके हैं। अगले दो दिन में मरीजों को भर्ती करना शुरू कर दिया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बुधवार से कैजुअल्टी चालू कर दी जाएगी, जिसके बाद मरीज भर्ती शुरू हो जाएंगे। गौरतलब है कि पिछले दो महीने से जिला अस्पताल के निर्माण को लेकर पूरी तरह से बंद कर दिया गया है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि प्रसूतिगृह में चल रही ओपीडी में यदि डाक्टर मरीजों को भर्ती होने की सलाह देता है तो उसे भर्ती होने के लिए हजीरा सिविल अस्पताल जाना पड़ता है। इस परेशानी को दूर करने के लिए अब अस्पताल प्रबंधन जल्द से जल्द नवीन भवन में ओपीडी और आइपीडी शुरू करने का प्रयास कर रहा है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478